धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, बुधवार
06.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 115




12 हैरिस की जीत के लिए पैतृक गांव में विशेष पूजा




## न्यूज डायरी

### शारदा सिन्हा जल्द ठीक हों, छठी मइया से प्रार्थना

**नयी दिल्ली।** छठ का त्यौहार हो और लोक गायिका शारदा सिन्हा के गीत न बजे, ऐसा संभव नहीं है। शारदा सिन्हा के छठ गीत के बिना यह महापर्व अधूरा है। ऐसे में बीमार पड़ी शारदा सिन्हा के जल्द ठीक होने की देश के करोड़ों लोग छठी मईया से प्रार्थना कर रहे हैं। शारदा सिन्हा लंबे समय से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती हैं।

### पीएम समेत सभी ने दी छठ महापर्व की बधाई

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने छठ महापर्व की शुरूआत पर मंगलवार को देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, छठी मइया की कृपा से आप सबका अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हो, यही कामना है।'

### यूपी मदरसा एक्ट को सुप्रीम कोर्ट ने बताया संवैधानिक

**नयी दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए उच्चतम न्यायालय ने 2004 के उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी। सीजेआइ की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने यह मानकर गलती की कि यह कानून मूल ढांचे यानी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

### सोहराय पर्व मातम में बदला, चार की मौत

**रामगढ़।** गोला थाना क्षेत्र में गोला-रजरप्पा मार्ग पिपराजारा गांव में सोहराय पर्व मना रहे लोगों को अनियंत्रित बोलेरो ने रौंद दिया। हाजसे में दूधमुहें बच्चे के समेत चार लोगों की मौत हो गयी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र में महिला सुरक्षा समेत सात गारंटी का वादा

# 450 में गैस, 10 लाख नौकरी, 2500 महिला सम्मान राशि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चुनावी समर को जीतने के लिए इंडिया गठबंधन ने मंगलवार को होटल बीएनआर में संयुक्त रूप से अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में महिला सुरक्षा समेत सात बातों की गारंटी दी गयी है। गठबंधन दलों के संयुक्त घोषणा पत्र 10 लाख नौकरी, गरीब परिवारों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। साथ ही महिलाओं को 2500 रुपए सम्मान राशि देने की भी बात कही गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झामुमां के कार्यकारी अध्यक्ष सीएम हेमंत सोरेन, राजद नेता जयप्रकाश यादव और माले नेता शुभेंदु सेन की मौजुदगी में सात निश्चय सात संकल्प जारी किया गया। इनमें 1932 आधारित खतियान, मंइयां सम्मान, सामाजिक न्याय, खाद्य सुरक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा और किसान कल्याण की गारंटी शामिल है।



**ये भी थे मौजूद :** इस मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को श्री खड़गे, हेमंत सोरेन, जयप्रकाश यादव और माले नेता शुभेंदु सेन ने संबोधित किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, जेएमएम महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

**बोले हेमंत :** संवाददाता सम्मेलन में हेमंत ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार ने एक ऐसी लकीर खींची है जो अलग राज्य होने के बाद बेहतरीन कार्य किया है। विपक्ष के षडयंत्रों का जवाब देते हुए हमने सरकार चलाया।

सरकार का कार्यकाल एक माह बाकी था, आखिर क्या संकट आया, जो चुनाव कराना पड़ा। चुनाव आयोग के पास शक्तियां हैं इसका सम्मान करता हूं। राज्य की जनता को सोचना होगा। हम चुनाव से डरते नहीं, जीत तो हमारी ही होगी। (शेष पेज 11 पर)

### इंडिया गठबंधन की सात गारंटी

1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाना। सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण देना। मंईयां सम्मान योजना के तहत दिसंबर से ही 2,500 रुपए की सम्मान राशि दी जायेगी। एसटी-28 प्रतिशत, एससी-12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत एवं अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण देने का संकल्प। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन। 7 सात किलो प्रत्ति व्यक्ति राशन। हर गरीब परिवार को 450 रुपये में गैस सिलेंडर। झारखंड के 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी और रोजगार का अवसर। 15 लाख तक एक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा। सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग मेडिकल कॉलेजऔर यूनिवर्सिटी। जिला मुख्यालयो में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क। धान के एमएसपी को 2400 रुपए से बढ़ाकर 3200 रुपया करना। लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि।

## कोडरमा, बड़कागांव व जमशेदपुर में गरजे योगी, कांग्रेस सबसे भ्रष्ट पार्टी

# एनडीए प्रत्याशियों को जितायें झारखंड में सुशासन लायें

### क्या बोले यूपी के सीएम

- औरंगजेब ने देश को, आलमगीर ने झारखंड को लूटा
- झारखंड में भू-माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा
- बंटेंगे तो निर्ममता से कटेंगे, एकजुटता जरूरी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** यूपी के सीएम और भाजपा के फायरब्रांड नेता सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा झामुमो, राजद और कांग्रेस झारखंड के विनाश के दूत और भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। इन्हें जब भी मौका मिला, गरीबों के पेट पर लात मारने का काम किया है। इनलोगों ने झारखंड के युवाओं को पलायन को मजबूर और किसानों को आत्महत्या करने को विवश किया। योगी ने कांग्रेस को सबसे भ्रष्ट पार्टी बताया और कहा कि जिस तरह औरंगजेब ने देश को लूटा था उसी तरह आलमगीरआलम ने झारखंड को लूटा। यूपी के सीएम मंगलवार को वह मंगलवार को कोडरमा, बड़कागांव और जमशेदपुर में जनसभाओं को संबोधित कर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा-एनडीए की सरकार ही झारखंड में सुशासन ला सकती है। ऐसे जरूरी है कि एनडीए प्रत्याशियों को जितायें। भाजपा सरकार ही झारखंड में मौजूद भू-मफिया, वालू-कोयला माफिया का इलाज करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के बाद अब लोगों को मथुरा में भगवान कृष्ण के दर्शन होंगे। हजारीबाग में योगी के स्वागत में कार्यकर्ता दर्जनों बुलडोजर ले कर पहुंचे थे।

एकजुटता जरूरी------

सीएम योगी ने एकजुटता पर जोर दिया और कहा कि इतिहास गवाह है, हम जब-जब बटे हैं, निमर्मता से कटे हैं। इसलि सुशासन के लिये भाजपा उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जितायें। उन्होंने कहा, हरियाणा के लोगों ने विकास के लिए तीसरी बार फिर से भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुना है। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, एक कांग्रेसी नेता आलमगीर आलम हैं, जिन्होंने झारखंड को जम कर लूटा। (शेष पेज 11 पर)

### गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार की संरक्षक

झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी ने प्रकृतिक संसाधनों पर लूट मचाने का काम किया। यहां शराब माफिया, वन माफिया और भू माफिया इशारे पर सरकार चल रही है। इन भू माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा ही है। उन्होने कहा कि कभी यूपी में माफिया सीना तानकर चलते थे। जब बुलडोजर चलना शुरू हुआ तो भू माफिया प्रदेश ही छोड़ गये। कुछ का राम नाम सत्य हो गया है। झारखंड में भाजपा ने जो गारंटी दी है, सरकार बनते ही हर हाल में लागू होगी। एनडीए-भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से विकास, सुरक्षा, सम्मान और सुशासन के लिए राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने हर बूथ पर फूल और फल खिलने जा रहा है।

# भाजपा के विचार सड़े हैं सिर्फ झगड़ा लगाना काम

## बांटनेवाले भी तुम और काटनेवाले भी तुम : खड़गे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखे जुबानी हमले किये। । उन्होंने कहा कि भाजपा के विचार सड़े हुए हैं। इनका काम झगड़ा लगाने का है। ये लोग बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दे रहे हैं, पर, बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी तुम ही हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी पर उनके बारे में झूठ बोलने और गलतबयानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मोदीजी यदि चाय बेचते थे, तो मौं भी मजदूरी करता था। वह मंगलवार को हजारीबाग के मांडू और रांची के कांके में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

**फिर आ रही हेमंत सरकार :** उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इस सरकार ने राज्य में पिछड़ों का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने और एससी-एसटी का आरक्षण दो-दो प्रतिशत और बढ़ाने का प्रस्ताव पारित कराकर भेजा था, लेकिन इसपर उनके गवर्नर कुंडली मारकर बैठ गये।

**मोदी एक भी वादा पूरा नहीं करते :** उन्होंने कहा, पीएम मोदी कल झारखंड में थे। (शेष पेज 11 पर)



### घुसपैठ का दोषी कौन

श्री खड़गे ने झारखंड में भाजपा की ओर से उठाये जा रहे बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बतायें कि अगर घुसपैठ हो रही है तो वे दस साल से क्या कर रहे थे? क्या वे नींद की गोलियां खाकर सोए थे? हुकूमत तो उनके हाथ में है। बॉर्डर की सुरक्षा की जिम्मेदारी तो उनकी है। एक तरह से वे लोग देश की सेना के जवानों को बदनाम करते हैं।

## आपके आशीर्वाद से फिर बनायेंगे सरकार : हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार झारखंड के गरीब-गुरबा और आदिवासी दलित के लिए लड़ाई लड़ रही है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की भाजपा तरह-तरह के षड्यंत्र को रचकर मुझे और मेरी सरकार को अस्थिर करने के लिए जांच एजेंसियों को आगे लाकर जेल भेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इतने में इनका मन नहीं भरा तो भाजपा के लोग परिवार की लड़ाई करवा रहे हैं। वह मंगलवार को लातेहार विधानसभा के हेरहंज और मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महुआडांड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लातेहार के प्रत्याशी बैद्यनाथ राम और मनिका विधानसभा के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को भारी वोटो से जिताने की अपिल की। वहीं टंडवा टंडवा में एक जनसभा में सीएम ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपकी सरकार किसानों के ऋण माफी से लेकर घर के बिजली बिल का माफी और महिलाओं और बेटियों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। श्री सोरेन ने बताया कि महागठबंधन की सरकार बहुत ही मुश्किलों से गुजरी है। फिर भी सरकार ने राज्य की उन्नति, प्रगति और प्रदेश की जनता, खासकर गरीब वर्ग के विकास लिए अनेकों हितकारी कार्य किए। अभी कुछ महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी कार्य करने बाकी थे, लेकिन केंद्र ने झारखंड सरकार के कार्यकाल को पूरा होने नहीं दिया। हमें विश्वास है कि आप सभी के स्नेह व आशीर्वाद की बदौलत एक बार फिर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

## अवैध खनन मामला में रांची समेत 13 ठिकानों पर सीबीआइ रेड

# 60 लाख कैश, एक किलो सोना-चांदी, कागजात बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने अवैध पत्थर खनन से संबंधित मामले में मंगलवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी। झारखंड में रांची में तीन स्थानों, गुमला जिले में एक स्थान और साहेबगंज जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी हुई है। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपये से अधिक नकदी, एक किलो से अधिक सोना, 1.2 किलो चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौते के कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच से पता चला है कि साहेबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों ने कथित तौर पर सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही खनन कानूनों के उल्लंघन किया गया है।



सूत्रों के अनुसार जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति और संस्थाएं अपनी गतिविधियों को छिपाने और अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों, धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इस ऑपरेशन में कथित रूप से शामिल थीं। (शेष पेज 11 पर)

### कहां-कहां हुई छापेमारी

रांची में नेताओं व नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश, सीए जयपुरियार आदि के ठिकानों पर छापेमारी। साहिबगंज के बड़हरवा में भगवान भगत के आवास व कार्यालय में छापेमारी। यहां से एक किलोग्राम सोना व नाइन एमएम के 61 कारतूस मिले। उधवा में पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास पर छापेमारी। उनके भाई अफताब आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन व मोहम्मद अलाउद्दीन से पूछताछ। मंडरो, मिर्जा चौकी के चार पत्थर कारोबारियों के यहां छापेमारी। एक कारोबारी रंजन वर्मा के ठिकाने से 47 लाख रुपये नकदी मिले। मिर्जा चौकी के पत्थर कारोबारी रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, टिंकल भगत व अवध किशोर सिंह उर्फ पतरू सिंह के यहां छापेमारी। बड़हरवा बस स्टैंड के समीप स्थित सुब्रोतो पाल के कार्यालय व बड़हरवा मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के घर छापेमारी। बड़हरवा प्रखंड के दुगार्पुर मुनिया होटल के पास पत्थर कारोबारी कृष्णा साह के आवास पर छापेमारी।

## डूब रही है झामुमो की नैया, आ रही एनडीए सरकार : राजनाथ

# आप सत्ता बदलें, हम व्यवस्था परिवर्तन करेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड की जनता सत्ता परिवर्तन करेगी। इसके बाद भाजपा सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर देगी। आप (मतदाता) सत्ता बदलें, मैं भरोसा देता हूं कि झारखंड की वर्तमान भ्रष्ट व्यवस्था एनडीए सरकार बदल देगी। राजनाथ सिंह मंगलवार को हटिया और लोहरदगा में आयोजित चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने लोगों को छठ पर्व की शुभकामना दी और कहा, शीघ्र ही झारखंड सुशासन की सरकार आ रही है।



हुए कहा कि झारखंड की जनता ने राज्य में एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने झामुमो के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि, अब झामुमो की नैया डूब रही है। झामुमो-कांग्रेस-राजद दिवाली के दबे हुए पटाखे है। इनकी हालत फुस्स पटाखे जैसी हो गयी है। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करेगी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को इस बार पूरे देश में गौरव दिवस के रुप में मनाया जायेगा।

**अलग झारखंड का सपना हम पूरा करेंगे :** रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड को अलग राज्य बनाने का काम भाजपा ने ही किया था, लेकिन झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी सरकार के राज में झारखंड राज्य लगातार डूबता चला गया। झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है। भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है। भाजपा ही झारखंड का सपना पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि सीएम रहने वाले बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा। वहीं झामुमो, कांग्रेस,आरजेडी की सरकार तो घोटालों में ही डूबी रही। उन्होंने कहा कि झामुमो ने आदिवासियों का खून चूसा है। (शेष पेज 11 पर)

## भाजपा के चुनाव प्रभारी ने सारठ, दुमका और मधुपुर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मांगा वोट

# गठबंधन सरकार ने गरीब जनता की कमाई भ्रष्टाचार में उड़ाया : शिवराज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सारठ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह, दुमका से प्रत्याशी सुनील सोरेन और मधुपुर से उम्मीदवार गंगा नारायण सिंह के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने जनसभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि गठबंधन सरकार ने झारखंड जैसे सुंदर राज्य को लूटकर खोखला कर दिया है। झामुमो की सरकार बालू, पत्थर, खनिज और केन्द्र से भेजी गयी करोड़ों की राशि डकार गयी। गठबंधन के नेता-मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद किये जा रहे हैं। ये पैसा हेमंत सोरेन का नहीं बल्कि झारखंड के लोगों की खून-पसीने की कमाई की है इसलिये इस बार झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकना है। उन्होंने कहा किये झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार के रहते झारखंड की जनता



सुखी नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। उन्हें पता है कि उनके पापो का घड़ा भर चुका है। जनता झामुमो सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी है।

**कानून व्यवस्था ध्वस्त :** उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। बहन-बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। अपहरण, छेड़छाड़ और गंभीर अपराध हो रहे हैं लेकिन हेमंत सोरेन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड में माटी, बेटी और रोटी को सुरक्षित करने का काम किया जायेगा।

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने गठबंधन सरकार पर लगाये संगीन आरोप

## भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा हेमंत सरकार में अन्नदाताओं का मान : गौरव वल्लभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रखर वक्ता प्रो. गौरव वल्लभ ने हेमंत सरकार पर महिलाओं का सम्मान और अन्नदाताओं का मान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने का आरोप लगाया है। प्रो. वल्लभ मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सत्ताधारी झामुमो, कांग्रेस और राजद पर भ्रष्टाचार का संगीन आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं का सम्मान और किसानों का स्वाभिमान, कुप्रबंधन, कुशासन और भ्रष्टाचार की भटें चढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दलों को भाजपा के संकल्प पत्र पर सवाल उठाने का कोई हक नहीं बनता है।

उन्होने कहा कि देश भर में जहां भी इनकी सरकारें है, उस प्रदेश की हालत खस्ता है। भाजपा का संकल्प पत्र झारखंड के विकास के लिए है। भाजपा ने देश के विकास में हमेशा अग्रसर रही है। वैसे ही हम झारखंड को अग्रसर करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को घर की मालकिन बनाने के लिए 50 लाख तक की संपत्ति एक रूपये में पंजीकरण की योजना शुरू की थी, लेकिन, हेमंत सरकार ने सत्ता में आते ही इस योजना को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही पुनः इस योजना को शुरू करने का संकल्प लेती है। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना



के तहत पांचों साल हर महीने 2100 रुपये महिलाओं के खाते में डाले जायेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार ने भ्रष्टाचार के चक्कर में किसानों की आय पूरी तरह से खत्म कर दिया। पिछले कुछ सालों से झारखंड में सूखा पड़ रहा है लेकिन, यहां की राज्य सरकार ने किसानों की फरियाद को अनसुना कर दिया। किसानों को फसल बीमा के नाम पर धोखा दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना केतहत 800 करोड़ रुपये से 14 लाख किसानों को लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में लौटने पर छोटे और सीमांत किसानों एवं पशपुलकों की भूमि पर 5,000 प्रति एकड़ से लेकर 25,000 तक प्रदान करने के लिये कृषि आशीर्वाद योजना को फिर से शरू करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपना हर संकल्प के हर शब्द को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। भाजपा किसी भी घुसपैठिये को अवैध रूप से झारखंड में आने से रोकेगी। झारखंड से घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर किया जायेगा। इस अवसर पर अजय शाह और अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

### खबर एक नजर में

### आजसू का आठ को जारी होगा घोषणा पत्र

**रांची।** आजसू पार्टी का घोषणा पत्र आठ नवंबर को जारी होगा। इसकी घोषणा आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने लोहरदगा में की। श्री महतो अपने उम्मीदवार नीरू शांति भगत के चुनावी सभा को लोहरदगा में मंगलवार को संबोधित कर रहे थे। दरअसल, भाजपा ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। वहीं, इंडिया गठबंधन ने मंगलवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले सुदेश महतो



**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। राजनाथ सिंह लोहरदगा में आजसू उम्मीदवार नीरू शांति भगत और रांची से भाजपा उम्मीदवार नवीन जायसवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### नेहा महतो की आज लोहरदगा में पदयात्रा



**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की पत्नी नेहा महतो बुधवार को लोहरदगा विधानसभा में एनडीए समर्थित आजसू पार्टी की उम्मीदवार नीरू शांति भगत के पक्ष में पदयात्रा करेंगी। वह किस्को प्रखंड के विभिन्न गांवों में पदयात्रा करेंगी। नेहा महतो डोर टू डोर जाकर जनता से एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगी। पदयात्रा की शुरूआत घुरवा मोड़ नारी नवाडीह से होगी। इसके बाद पाखर, देवदरिया पंचायत के खर्चा मैदान होते हुए खरकी पंचायत के कोचा ग्राम में यह पदयात्रा समाप्त होगी। पदयात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु अधिकारी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें सदैव अपने दायित्वों के निर्वहन के लिये तत्पर रहने का संदेश दिया।

## चुनाव आयोग ने हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोकने पर एयरपोर्ट ऑथोरिटी से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा में खड़े सभी प्रत्याशियों के लिए एक समान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराया जा रहा है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा द्वारा उनके स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। संबंधित मामले पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथोरिटी के निदेशक को 6 नवंबर पूर्वाह्न तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने को लेकर पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता



न रहे इस बात को ध्यान में रखते हुये एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुये संशय की स्थिति में संपर्क करने हेतु नंबर भी साझा किये गये थे।

### रामनाथ गंझू के नेतृत्व में दर्जनों ने भाजपा का दामन थामा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा

## भोक्ता समाज को मिला आदिवासी का दर्जा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा कि मोदी सरकार ने भोक्ता समाज को आदिवासी का दर्जा दिया। श्री राय मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मिलन समारोह में रामनाथ गंझू के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि भोक्ता को आदिवासी की दर्जा का मांग वर्षों से चली आ रही थी, जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार आदिवासी का दर्जा देकर




भोक्ता, खेरवार, गंझू के भावना को सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली सरकार में झारखंड का चिरहिरण हो रहा है। इसके बचाव के लिये खेरवार भोक्ता समाज को भाजपा का साथ देना होगा।उन्होंने कहा कि झारखंड को भाजपा ने बनाया है और हम सब मिलकर एक झारखंड को संवारेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि खेरवार भोक्ता समाज की मांग झामुमो- कांग्रेस ने कभी नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के रहते झारखंड का विकास संभव नहीं है। रामनाथ भोक्ता ने कहा कि खेरवार भोक्ता सामाज को कांग्रेस ने गड्ढे में डाला, मोदी जी ने निकाला।

मंच संचालन शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन पंकज सिंह ने किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले में बहादुर गंझू, ईश्वर साव, प्रयाग भोक्ता, बालदेव राणा, महादेव राणा, आदित्य साव, प्रकाश सिंह, जीतन गंझू, राजेश मिस्त्री, विनोद साव, आनंद प्रजापति, बबलू केशरी, तेतर गंझू, तुलसी गंझू, लालधारी गंझू, शंकर ठाकुर, प्रकाश गंझू, माणिकचंद गंझू, भोला गंझू, चंद्रिका गंझू, विनोद गंझू, पोखन साव शामिल थे।

## भाजपा के 30 बागी निष्कासित

### कड़ी कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश इकाई एक्शन में है। भाजपा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले 30 नेताओं को छह साल के लिये पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चंद्रमा कुमारी, कुमकुम देवी, लक्ष्मी देवी, जूली यादव, बलवंत सिंह, अरविंद सिंह, बटेश्वर मेहता, भैय्या बांके बिहारी, चितरंजन साव, कर्नल संजय सिंह, हर्ष अजमेरा, हजारी प्रसाद साहू, मिसिर कुजूर, मिस्त्री सोरेन, मुकेश कुमार शुक्ला, पुष्परंजन, राजकुमार सिंह, रामावतार केरकेप्ता, रामदेव हेम्ब्रम, रामेश्वर उरांव, संतोष पासवान, शिवचरण महतो, शिवशंकर बड़ाइक, शिव शंकर सिंह, सुरेंद्र मोदी, उपेंद्र यादव गढ़वा, उमेश भारती, विकास सिंह, विमल बैठा, विनोद सिंह को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

### झारखंड के दामाद और केंद्रीय रक्षा मंत्री ने लोहरदगा एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में भरी हुंकार

# जो वादे होंगे उसे पूरा करेंगे : राजनाथ सिंह

### झामुमो, कांग्रेस और राजद को विकास का बताया तीन स्पीड ब्रेकर

**प्रभात सिंह**

**रांची।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोहरदगा में चुनावी सभा की। राजनाथ सिंह का झारखंड से पुराना नाता रहा है। उन्होंने इसे अपने भाषण में भी बोला। उन्होंने कहा कि लोहरदगा इससे पहले भी आये हैं। यहां के लोग काफी अच्छे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम यहां सत्ता परिवर्तन और व्यवस्था परिवर्तन दोनों कराने आये हैं। हवा का रुख बदल गया है। हमारी वायदे ठीक उसी प्रकार हैं, जैसे प्राण जाये पर वचन न जाये। झामुमो-कांग्रेस के दिन लद गये। अब ये दिवाली के दागे हुए पटाखे हैं। श्री सिंह का लोहरदगा में भव्य स्वागत हुआ। भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने कहा कि यशस्वी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह झारखंड के दामाद हैं। इनका ससुराल पलामू है। मजाकिया अंदाज में कहा कि शादी में दहेज नहीं लिये थे, लेकिन आज वह दहेज में जीत की मांग लेकर आये हैं। दरअसल, राजनाथ सिंह लोहरदगा से एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत के लिए प्रचार करने आये थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा देश की बड़ी व एनडीए गठबंधन विश्व की बड़ी गठबंधन पार्टी है। वह जो कहती है, उसे पूरा करती है। विश्वास करें। उन्होंने याद दिलाया। बोला झारखंड के साथ ही दो और राज्य उतराखंड और छतीसगढ़ का गठन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की सरकार ने किया। क्या कारण है उन दो राज्यों का विकास हुआ और झारखंड पिछड़ गया। उन्होंने इसके लिए तीन स्पीड ब्रेकर को जिम्मेदार बताया। एक झामुमो, दूसरा राजद और तीसरा कांग्रेस। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का विकास हुआ, झारखंड का नहीं।

राज्य में हेमंत सोरेन भ्रष्टचार के आरोप में जेल गये। संकट के दौरान अपने विश्वस्त चंपई सोरेन को सीएम बनाया। फिर जेल से निकलते ही तीन महीने में चंपई सोरेन को हटा दिया। क्या सीएम बनने का अधिकार सिर्फ एक ही परिवार का है। आदिवासी सीएम के रहते जल, जंगल और जमीन सुरक्षित नहीं है।

राजनाथ सिंह ने लोहरदगा वालों से कहा कि आप दो टर्म सरकार चलाने दीजिए। जिस तरह सात आठ वर्षों में भारत को धनवान देश बनाने में 11वें पायदान से पांचवें में पहुंचा दिया। 2027 तक तीसरी बड़ी शक्ति बनायेंगे। उन्होंने बार-बार दोहराया कि उनके पार्टी झूठे वादे नहीं करती। यहां एनडीए की सरकार बनी तो अवैध घुसपैठिये पर पाबंदी लगा देंगे। आदिवासियों की जमीन वापस दिलायेंगे। वन अधिकार पट्टा वितरण करेंगे, गोगो दीदी योजना के तहत 2100, पेंशन 1000 से बढ़कर 2500 करेंगे। गैस सिलिंडर 500 में और दो सिलिंडर मुफ्त देंगे। ऐसे कई योजनाएं हैं बेटियों को मुफ्त में शिक्षा देंगे।

## डाक विभाग में प्राप्त वोटर आइडी कार्ड को मतदाताओं तक जल्द पहुंचाना सुनिश्चित करें पोस्टमास्टर : के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे यह प्राथमिक उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सम्मिलित प्रयास अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी कार्ड ससमय मतदाताओं तक पहुंचे इसके लिए डाक विभाग एक अहम भूमिका निभा रहा है। रोजाना हजारों की संख्या में पूरे राज्य में डाक विभाग द्वारा मतदाता पहचान पत्र बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी कई मतदाताओं का



मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के उपरांत भी उनका वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया है।

वे मंगलवार को निर्वाचन सदन में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने डाक विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी छुट्टियों में भी डाक विभाग को खुला रखकर वोटर आईडी के वितरण का कार्य पूरी तेजी के साथ किया जाए, जिससे मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जिनका नाम मतदाता सूची में है पर अबतक वोटर आईडी कार्ड प्राप्त नहीं हो पाया है, वे 1950 पर कॉल कर अपने बीएलओ या बीएलओ सुपरवाइजर से सम्पर्क कर इससे संबंधित जानकारी ले सकते हैं। इसके लिए संबंधित बीडीओ और सीओ से भी संपर्क किया जा सकता है। श्री कुमार ने कहा कि डाक विभाग के वरीय पदाधिकारी इसके लिए अपने स्तर से पूरे राज्य के पोस्ट मास्टर को निर्देशित करें एवं प्राप्त सभी वोटर आईडी कार्ड का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित हो।

### परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति खरीद मामला

## प्रतिवादी शिवदत्त शर्मा पर हाईकोर्ट ने लगाया एक लाख का जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में प्रतिवादी शिवदत्त शर्मा द्वारा निशिकांत दुबे के वकील प्रशांत पल्लव पर लगाए गए आरोप को लेकर दाखिल हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर भी सुनवाई हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने शिवदत्त शर्मा की आईए को खारिज करते हुए शिवदत्त शर्मा पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। जुर्माना की यह राशि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) में दो सप्ताह में जमा करने का निर्देश दिया।



दरअसल शिवदत्त शर्मा ने हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कहा था कि वर्ष 2012-13 में निशिकांत दुबे के वकील प्रशांत पल्लव उनके एक केस में पैरवीकार थे, इसलिए वे इस मामले में उनके खिलाफ केस नहीं लड़ सकते हैं। जिस पर निशिकांत दुबे के वकील प्रशांत पल्लव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि यह मामला काफी पुराना है और वर्तमान केस और उस समय शिवदत्त शर्मा के लिए पैरवी किए गए केस की प्रकृति अलग-अलग है। वर्तमान केस क्रिमिनल केस है। शिवदत्त शर्मा ने यह आईए इस क्रिमिनल केस मे देरी करने के उद्देश्य किया है ताकि इसका निर्णय न आ सके।

हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद शिवदत्त शर्मा की आईए को खारिज करते हुए परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विवाद मामले में सुनवाई जारी रखी है। कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 9 दिसंबर तक बरकरार रखी

# पीएम मोदी की सुरक्षा का हवाला देकर सीएम हेमंत सोरेन को डेढ़ घंटे तक रोकना भाजपा की बड़ी साजिश : जेएमएम

### झामुमो ने जतायी आपत्ति

- हेमंत सोरेन को रोके जाने को लेकर राष्ट्रपति को लिखा पत्र
- राज्य में त्योहार के समय में चुनाव कराने पर भी जतायी आपत्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमने चार तारीख को एक पत्र राष्ट्रपति को दिया है। पत्र बहुत ही गंभीर है। सभी को मालूम है कि चाईबासा क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। नक्सल मूवमेंट वहीं से होते हैं। वहां मोबाइल का टावर भी नहीं है। ऐसे में उस जगह डेढ़ घंटे से

### आरोप : चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी में बंटी और बबली का संबंध



अधिक समय तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रोकना और एटीसी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाना यह दर्शाता है कि यह बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को रोका जा रहा है। इसी से संबंधित पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा गया है। आयोग को बताया था, 15 नवंबर तक राज्य में पर्व-त्योहार हैं।

सुप्रियो मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी में बंटी और बबली का संबंध है। यहां के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संग हमारी बैठक हुई थी। बताया था कि 15 नवंबर तक राज्य में पर्व-त्योहार हैं, उसके बावजूद 13 को चुनाव कराया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश में इसी 13 नवंबर को चुनाव था, वहां 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार है, इसलिए चुनाव की तिथि को बढ़ा कर 20 नवंबर कर दिया गया है।

### राजनीति में धर्म को मिलाओगे तो यही हश्र होगा

सुप्रियो ने कहा कि झारखंड में भी त्योहारों को लेकर 15 नवंबर के बाद चुनाव कराने की मांग की गयी थी, पर आयोग माना नहीं। यहां 13 नवंबर को चुनाव हो रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के झारखंड आगमन को लेकर कहा। योगी यहां बोले कि अयोध्या में राम मंदिर बना है। वहीं से आया हूं। सुप्रियो ने तंज कसा कि अयोध्या में किसकी घंटी बज गयी। घंटी तो भारतीय जनता पार्टी की बजी है। यही है श्री राम का न्याय। राजनीति में धर्म को मिलाओगे तो यही हश्र होगा।

### हमारे सीएम जहां जा रहे, उन्हें रोका जा रहा

उन्होंने दोहराया कि हमारे मुख्यमंत्री को जंगल में बैठाया गया। चुनाव आयोग का पूरा रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है, सुप्रियो ने कहा कि झामुमो के मामले में अलग और भारतीय जनता पार्टी के मामले में अलग रवैया अख्तियार किया जाता है। कहा कि सिख समुदाय का गुरु पर्व, हिंदुओं का धार्मिक महापर्व छठ भी निकट है, बड़ी संख्या में लोग आस्था के पर्व मनाने राज्य से बाहर अपने घर परिवार से मिलने जाते हैं। 13 नवंबर को चुनाव होना है, ऐसे में वे मताधिकार से वंचित हो सकते हैं, यह साजिश नहीं तो क्या है। कहा कि हरियाणा में भी वही साजिश रची गयी। उत्तर प्रदेश में भी यही किया जा रहा है। हमारे सीएम जहां भी जा रहे हैं, उन्हें रोक दिया जा रहा है। वे(भाजपा) कहते हैं कि हमने आदिवासी समाज से राष्ट्रपति बनायी है, फिर मुख्यमंत्री को क्यों परेशान किया जा रहा है। वह भी तो आदिवासी समाज का ही बेटा है।

सुप्रभात

बुधवार 06.11.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 196

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### मजदूरों ने भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी को जिताने का लिया संकल्प

**कुमारधुबी।** भाकपा वाले प्रत्याशी अरुप चटर्जी के पक्ष में मंगलवार को हडियाजाम कोलयरी की 27 नंबर खदान में। गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव सह वरिष्ठ भाकपा माले नेता आगम राम ने कहा कि कोयला मजदूरों की लड़ाई अरुप चटर्जी ही लड़ते आ रहे हैं तथा क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा सुख दुख के लिए 24 घंटा तत्पर रहते हैं और आगे भी हक की लड़ाई लड़ते ही रहेंगे। हडियाजाम कोलयरी के मजदूरों ने समर्थन देते हुए हुए भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी को जिताने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करने में कृष्ण सिंह, अर्जुन भूईयाँ, राजद के दहारु यादव, कांग्रेस के के डी यादव के अलावा अमित मुखर्जी, तापस चटर्जी, हरे राम, दीपक सिंह, काशी कोईरी, विनय सिंह, डी मानिकपुरी, बंसी सिंह, साधन चटर्जी सहित अन्य लोग मौजूद थे। सभा की अध्यक्षता उत्तम कर ने की व संचालन मोहम्मद अख्तर ने किया।

### सिंदरी चेम्बर ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

**सिंदरी।** चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने सिंदरी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत में इदरीश हुसैन की दुकान में आग लगने की घटना का जिक्र किया है। उन्होंने एन ए सी मार्केट के आमने-सामने की दो दुकानों इदरीस हुसैन और शिवेंद्र मोहन कुमार द्वारा सिलेंडर में गैस भरकर बेचने का आरोप लगाया है। बार बार सिंदरी चेम्बर द्वारा चेतावनी देने के बावजूद दोनों दुकानदारों द्वारा गैस रिफलिंग से आसपास के दुकानदार काफी भयभीत हैं। चेम्बर अध्यक्ष ने सिंदरी के शहरपुरा बाजार के सँकरे 324 दुकानों के साथ बड़ी घटना की आशंका जाहिर करते हुए प्रशासन से दोनों दुकान संचालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मजदूर संघ की इजे एरिया भौरा कमेटी का गठन

**जोड़ापोखर।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव ललन चौबे ने इ जे एरिया भौरा की नई कमेटी का गठन किया है। उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार यादव, सचिव राणा कुमार पासवान सहित उपाध्यक्ष निरंजन वर्मा,रोहित गौतम,राजेश चौहान, उत्तम कुमार, सुखदेव राय, सह सचिव सुमित कुमार, सुखदेव सिंह, दिलीप कालिंदी, कोषाध्यक्ष विक्की कुमार चुने गए हैं। इसके अलावा सदस्य के रूप में 12 लोगों का चयन किया गया है, जिनमें अंतुनु बेरा, उषा देवी, संतोष महतो, शाजिद अंसारी, पिंटू पासवान, रवि कुमार, मुकेश बाउरी, किशोर बावरी, दिनेश चौहान आदि शामिल हैं।

### चिरकुंडा सब्जी मंडी में अशोक मंडल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कुमारधुबी।** झारखंड में चुनाव का बिगुल बजने के बाद सभी प्रत्याशी रणक्षेत्र में उतर चुके हैं और निरसा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह जेएलकेएम प्रत्याशी अशोक मंडल ने चिरकुंडा के सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने का लोगों से आग्रह किया।

# स्व. सूर्यदेव सिंह के वियोग में उनकी संवेदनाएं मिल गयी मिट्टी में

**झरिया पर वर्चस्व की लड़ाई-3**

शिव नाथ झा







**धनबाद।** सूर्यदेव सिंह का व्यक्तित्व, मजदूरों के प्रति हमदर्दी और राजनीतिक विचारों सो समाहित करने की क्षमता ऐसी थी कि लोग उनके पास खींचे चले आते थे। वह किसी से भी बातचीत करते रहते थे, बीच-बीच में लोगों का, मजदूरों का, उनके शुभचिंतकों का, समर्थकों का, आतंरिक-सूचना देने वालों का, खाकी वस्त्र पहने लोगों का, सफेद कुरता-पैजामा पहने मूछों की निकलती रेखाओं जैसी नए-नए नेताओं का, मदद मांगने वालों का आना-जाना जारी रहता था। कुछ पास जाकर अपनी बात कहते थे, तो कुछ कान में फुस-फुसाकर। सूर्यदेव सिंह उनके कार्यों को निष्पादित करने में तनिक भी बिलम्ब नहीं करते थे। लेकिन जैसे ही वह कार्य समाप्त होता था, मेरे साथ उनकी बातचीत का सिलसिला उन्ही शब्दों के साथ प्रारम्भ होता था, जहाँ के उसे छोड़े होते थे। सूर्यदेव सिंह का कहना था कि रॉय साहेब के साथ उनकी बहुत अधिक सैद्धांतिक मतभेद है और जीवन पर्यन्त रहेगा। लेकिन इस बात को भी तो इंकार नहीं किया जा सकता है वे उनके सामने अशिक्षित थे । रॉय साहब कोयला अंचल में बहुत शिक्षित मजदूर नेता थे । उनकी भाषा और शब्द बहुत सुसज्जित थी । आप लिख लीजिये इस संसदीय चुनाव में राय साहब ही जीतेंगे। ज्ञातव्य हो कि ए के राय साहब के माता-पिता ब्रिटिश विरोधी कार्यकर्ता थे। स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। कारावास की सजा काटे थे। सन 1966-1967 में श्रमिकों की हड़ताल हुई और उस हड़ताल के समर्थन में राय बाबू नौकरी छोड़ मजदूरों के समर्थन में राजनीति में कदम रखे। राय साहब कभी विवाह नहीं किये। कोयला क्षेत्र का मजदुर और उसका परिवार ही उनका परिवार था। वे झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी मार्क्सवादी समन्वय समिति (एमसीसी) के संस्थापक तो थे ही, वे 1967, 1969 और 1972 में बिहार विधानसभा में सिंदरी सीट का प्रतिनिधित्व किया तथा 1977, 1980 और 1989 में भारतीय संसद (लोकसभा) में धनबाद लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया जब तक राम का नाम लिखा ईंट धनबाद में नहीं पदार्पित हुआ था और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आतंकवादियों के गोली के निशाने पर नहीं आये थे। उसके बाद तो राजनीति का भी राजनीतिकरण हो गया। आज 34-वर्ष बाद जब सूर्यदेव सिंह की अन्तःमन की बातों को याद करता हूँ, उन शब्दों पर विचार करता हूं, शोध करता हूं और सोचता हूं तो समस्त बातें, एक-एक शब्द गलत लगता है। यह भी सोचने पर विवश हो जाता हूं कि अपनी अंतिम सांस के बाद सूर्यदेव सिंह अपने सभी रिश्तों के साथ अनंत यात्रा पर निकल गए। वेदना, संवेदना, भावना सभी उनके वियोग में सिंह मेंशन में मिट्टी में मिल गए। अगर ऐसा नहीं होता तो सूर्यदेव सिंह की मृत्यु के बाद झरिया विधानसभा सहस्त्र विचारधाराओं के लोगों के हाथों नहीं फिसलता। करोड़ों आलोचना के बाद भी झरिया कोयला क्षेत्र के मजदूर, शिक्षित, अशिक्षित लोग सूर्यदेव सिंह के तरफ आशा की नजर से नहीं देखते। आज सिंह मैंशन की सोच बिलकुल भिन्न है। आज झरिया के मतदाता, लोग दुःखी हैं।

सूर्यदेव सिंह की मृत्यु के बाद 1995 में श्रीमती आबो देवी (जनता दल) 45271 मतों से जीतकर विधायक हुई। अगले विधानसभा के चुनाव यानी 2000 चुनाव में सूर्यदेव सिंह के भाई बच्चा सिंह समता पार्टी के टिकट पर 56401 मतों से जीतकर झरिया विधानसभा के विधायक बने। इस चुनाव में आबो देवी (राष्ट्रीय जनता दल) को महज 14577 मत मिले। सन 2005 और 2009 के विधानसभा चुनाव में झरिया बच्चा सिंह के हाथ से फिसलकर सूर्यदेव सिंह की पत्नी श्रीमती कुन्ती सिंह के हाथ आ गयी। श्रीमती सिंह को क्रमश 43% और 40 % मत मिले थे। सन 2014 विधानसभा चुनाव में झरिया का भार माता कुंती अपने पुत्र संजीव सिंह को दे दी। अब तक सूर्यदेव सिंह का सिंह मेंशन जो कभी जनता मजदूर के संघ के रूप में जाना जाता था, भारतीय जनता पार्टी के नाम से अंकित हो गया था। यह पहला वैचारिक और राजनीतिक पतन था सिंह मेंशन का। सूर्यदेव सिंह के कालखंड में जहां सिंह मेंशन सत्ता के गलियारे में एक निर्णायक भूमिका अदा करता था, कालांतर में अशिक्षा, बेहतर सोच, बेहतर लोगों के साथ बात-विचार की कमी के कारण अपने अस्तित्व को समेटने लगा, टकटकी निगाहों से प्रदेश और देश के राजनेताओं की ओर देखने लगा। श्रीमती कुंती सिंह दोनों बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही चुनाव जीती थी। इतना ही नहीं, सूर्यदेव सिंह के पुत्र संजीव सिंह भी 2014 में भाजपा के नाम पर ही चुनाव जीते थे। **(जारी)**

**राजनीतिक लड़ाई इस कदर बढ़ी कि भाई-भाई का दुशमन हो गया**

इधर समय बदल रहा था। सन 2014 के चुनाव में भाजपा के संजीव सिंह का टकराव कांग्रेस के अभ्यर्थी नीरज सिंह के साथ हुई थी। नीरज सिंह राजन सिंह के पुत्र थे और वह सूर्यदेव सिंह के सगे भाई थे। उस चुनाव में कांग्रेस के नीरज सिंह को भले 26 प्रतिशत मत पड़े थे और भाजपा के संजीव सिंह को 48 प्रतिशत मत, लेकिन टकराव आमने-सामने था। राजनीतिक लड़ाई इस कदर बढ़ी कि भाई-भाई का दुशमन हो गया। 21 मार्च 2017 को नीरज सिंह की हत्या हो गयी । कहते हैं उन्हें 67 गोलियां मारी गई थी। संजीव सिंह अपने चचेरे भाई नीरज सिंह की हत्या के आरोपी हैं और वर्तमान में वहकारावास में हैं। नीरज सिंह धनबाद के डिप्टी मेयर भी थे। उनकी हत्या के साथ साथ चार और लोगों की हत्या हुयी थी। विगत दिनों झारखण्ड उच्च न्यायालय ने संजीव सिंह की जमानत याचिका को रद्द कर दिया। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंजन मुखोपाध्याय की अदालत ने संजीव सिंह की ओर से दायर जमानत याचिका पर तीन दिन पहले सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को सुनने के बाद संजीव सिंह की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। अदालत इस मामले में 28 अक्टूबर को अपना फैसला सुनाने की बात कही थी। सूर्यदेव सिंह की बात यहाँ गलत सिद्ध हो गयी झ सभी भाई संवेदनात्मक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं।

## प्राथमिकता के आधार पर मतदाताओं को करें एपिक कार्ड का वितरण : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पोस्टल विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर नए वोटरों का नाम मतदाता सूची में जुड़ा है। उनका एपिक कार्ड प्रिंटिंग की प्रक्रिया में है। एपिक कार्ड पोस्ट ऑफिस में पहुंचने पर उसे अविलंब मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कोई भी मतदाता का एपिक कार्ड अप्राप्त नहीं होने चाहिए। साथ ही उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट से आने वाले डाक मतपत्र की डिलीवरी तत्परता से करने का निर्देश दया। मौके पर कमलेश राम, डाक सहायक एसके गुप्ता, अभिषेक कुमार, मो. जसलिम खान, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद थे।



**सेक्टर मजिस्ट्रेट को त्रुटि रहित चुनाव कराने का निर्देश**

धनबाद। झरिया विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डी प्रशांत कुमार रेड्डी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में उक्त क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट को त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए ईवीएम की कमीशनिंग गंभीरता से करने, रूट प्लान प्रोटोकॉल का पालन करने, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया को समझने, ईवीएम की तकनिकी समस्या का समाधान आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।साथ ही बीएलओ से घर-घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप डिस्ट्रीब्यूशन करने को कहा। वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने सभी मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, इमरजेंसी लाइट, पानी सहित अन्य एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटी सुनिश्चित करने, इंटरमिडिएट स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने का कहा।

## निरसा सीओ ने किया खुदिया नदी छठ घाट का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा अंचल के सीओ रमेश कुमार दास ने सोमवार को क्षेत्र के भलजोरिया स्थित खुदिया नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। रमेश कुमार दास ने कहा कि छठघाट की साफ सफाई छठ और प्रशासनिक व्यवस्था को देखने के लिए निरीक्षण किया गया है। छठ पूजा समिति द्वारा बताया गया कि यहां छठ व्रतधारियों एवं श्रद्धालुओं काफी भीड़ होती है। भीड़ को देखते हुए महिला पुलिस को सिविल ड्रेस में रखा जाए। भीड़ में । पॉकेट मार, चेन उड़ाने वाली महिला गिरोह भी सक्रिय हो जाता है, जिस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतधारी बेफिक्र होकर यहां छठ पूजा मनाएं। यहां प्रशासनिक व्यवस्था व सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। छठ घाट की साफ सफाई कराई गई है। नदियों में बांस की बाली का पुल बनाया जा रहा है, जो छठ घाट को आकर्षक बनाने में चार चांद लगा देता है। धनबाद जिला में निरसा में एक ऐसा छठ प्रवेशद्वार बनाया जाता है, जो झारखंड में इतिहास के रूप में देखा जाता है।



**एक नजर में**

### चिरकुंडा चेक पोस्ट पर वाहन जांच में फिर बरामद हुए 69 हजार रुपये



**कुमारधुबी।** शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक निदेर्शानुसार चिरकुंडा बॉर्डर पर संघन वाहन जांच अभियान लगातार जारी है। वाहन जांच के दौरान मंगलवार को कपड़ा व्यवसायी मनोज कुमार गुप्ता मिहिजाम निवासी की कार से 69 हजार रुपये जब्त किये गए। मौके पर चिरकुंडा थाना प्रभारी राम जी राय भी मौजूद थे। चिरकुंडा पुलिस जांच में जुट गई है।

### कतरास में छठ व्रतियों के बीच सूप वितरित



**कतरास।** आस्था और अटूट विश्वास का महापर्व छठ के पावन अवसर पर लायंस क्लब ऑफ कतरास एवं अलंकार ज्वेलर्स कतरासगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 101 सूप का मुफ्त वितरण किया गया। अलंकार ज्वेलर्स प्रतिष्ठान के प्रबंधक सह लायंस क्लब ऑफ कतरास के शैलेश बर्मन, डा. स्वतंत्र कुमार, विभूति सिंह, रितेश कुमार दुबे सहित अमित चंद्रवंशी, लखन सोनार, मो आजाद आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ ने की मनरेगा की सामीक्षा बैठक



जामताड़ा। नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक हुई । बैठक में मनरेगा योजना की सामीक्षा की गई । साथ ही योजना में डिमांड कम करने का निर्देश कनीय अभियंता ,रोजगार सेवक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव को लेकर कर्मी व्यस्त हैं, जिससे योजना का निरीक्षण नहीं हो पा रहा है। योजना में डिमांड कम करने की आवश्यकता है । चुनाव के बाद पुनः डिमांड आरंभ होगी। साथ ही कनीय अभियंता को पंचायत में योजना निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर सहायक अभियंता कुमार अनुराग,कनीय अभियंता जितेंद्र टुडू,सुमन पंडित,कैलाश मंडल,अमित कुमार रोजगार सेवक मेघलाल रजक,विष्णु सोरेन,मजहर अंसारी कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज सोरेन ,दशरथ मरांडी नुनुलाल मंडल ,संतोष रजक आदि मौजूद थे।

### घटिया किस्म के एमडीएम देने पर शिक्षा विभाग के बीपीओ से शिकायत

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इरकिया में बच्चों को घटिया किस्म का एमडीएम देने की शिकायत विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के परिजन ने शिक्षा विभाग के बीपीओ अनामिका हांसदा से की है। आवेदक कयूम अंसारी ने बताया कि विद्यालय की प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों को घटिया किस्म के एमडीएम देते हैं। इस कारण से विद्यालय के बच्चे बीमार पड़ते रहते हैं। शिकायत करने पर शिक्षक कहते हैं कि ऐसा ही भोजन मिलेगा, जहां शिकायत करना है कर सकते हैं।

## बीसीसीएल भूलन बरारी में चोरों ने बायोमीट्रिक मशीन का कैमरा तोड़ा

**कर्मियों में आक्रोश, थाना में दर्ज की गई शिकायत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल भूलन बरारी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय स्थित बायोमीट्रिक हाजरी बनाने वाले मशीन का कैमरा अज्ञात चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने से कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर प्रबंधक शांतनु शील ने जोड़ापोखर थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कर्मियों ने बताया कि सोमवार की रात कार्यालय पर तीन गार्ड मधु गोप,शक्ति रजवार,अंजन ओझा रात्रि पाली में ड्यूटी पर थे। पूर्व में कार्यालय के पीछे स्टोर से लोहा चोरों द्वारा लोह सामग्री होती थी। परंतु अब स्टोर में कुछ बचा नही है। देर रात दो बजे चोरों का दल हरवे हथियार के साथ कार्यालय पर धावा बोल दिया। चोरों को गेट के भीतर प्रवेश करता देख तीनों गार्ड एक कमरे में छिप कर अंदर से किवाड़ बंद कर लिया। चोरों ने बायोमीट्रिक कमरे का ताला तोड़कर उसकी केबुल व सिस्टम को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया तथा दोनों मशीन पर लगे हुए कैमरे को तोड़ दिया। उत्पात मचाने के बाद चोर गाली गलौज देते हुए कार्यालय से निकल गए। गार्ड ने अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों ने पुलिस सहित सीआईएसएफ को घटना की सूचना दी। पुलिस व सीआईएसएफ दल बल के साथ कार्यालय पर पहुंचे, परन्तु चोर भाग चुका था। भूलन बरारी जनता श्रमिक संघ के एरिया सचिव राधेश्याम यादव ने बताया कि उक्त मशीन से लगभग 300 मजदूरों की हाजिरी बनती थी। चोरों ने मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। मशीन की मरम्मत हो रही है।

## एनडीए की सरकार बनी तो घुसपैठियों की होगी जांच

**बाबूलाल मरांडी की प्रेसवार्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में लगातार आदिवासियों की जनसंख्या में कमी होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जहां राज्य में आदिवासियों की संख्या कम हो रही है। कहा कि वहीं सनातनी हिंदुओं की आबादी भी नहीं बढ़ी है,लेकिन मुस्लिमों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हो रही है। मरांडी मंगलवार को गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2011 में हुई जनगणना का हवाला देते हुए कहा कि भारत की आजादी के बाद वर्ष 1951 की जनगणना की तुलना में यहां मुसलमानों की संख्या काफी बढ़ी है। कहा कि खासकर रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जनसंख्या में सबसे ज्यादा कमी संथाल परगना इलाके में देखी गयी है। संथाल परगना का इलाका पश्चिम बंगाल से सटा हुआ है और पश्चिम बंगाल बंग्लादेश से सटा है। इसलिए रोहिंग्या मुसलमान की झारखंड में घुसपैठ हुई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही एसआईटी का गठन कर इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने भाजपा के पंच प्रण और पार्टी के घोषणा पत्र पर चर्चा करते हुए बताया कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही महिलाओं के लिए गोगो दीदी योजना शुरू की जाएगी। 25 हजार किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। एससी, एसटी का आरक्षण यथावत रहेगा जबकि ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत कैसे हो इसका मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। हाल के दिनों में पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में आना-जाना लगा रहता है। किसी के पार्टी छोड़ने से पार्टी को कुछ भी फर्क नहीं पड़ता। कहा कि इस चुनाव में पूरे प्रदेश में एनडीए की लहर देखी जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि धनवार सीट की जनता उन्हें हमेशा से प्यार और सहयोग देती रही हैं। इस बार धनवार की जनता में पूर्व के वनिस्पत काफी अधिक उत्साह है।

# नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

**कांच के बहंगिया जैसे गीतों से गुलजार हुआ कोयलांचल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** पूरे कोयलांचल में मंगलवार को नहाय खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू हो गया। वहीं आंच ही कांच के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय जैसे कई पारंपरिक गीत भी घर घर गूंजने लगे। व्रतियों ने सुबह स्नान ध्यान कर भगवान भास्कर को नमन किया। कई व्रती दामोदर नदी के तट पर भी पहुंची, जहां पूजा पाठ कर व्रत का पालन किया। उसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। आस पड़ोस तथा अपने ईष्ट मित्रों को भी प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके साथ ही आंच ही कांच के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय जैसे कई पारंपरिक गीत गूंजने लगे हैं।

**बुधवार को शाम में होगा खरना**

बुधवार को दिनभर निर्जला उपवास रख व्रती शाम को खरना की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके अगले दिन गुरुवार को 24 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी, शाम को नदी, तालाब पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। वहीं शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूजा समाप्त हो जाएगी। छठ के अर्घ्य को लेकर मौसम विभाग ने बुलेटिन जारी कर दिया है। इसके अनुसार धनबाद में गुरुवार की शाम पांच बजकर 02 मिनट पर अर्घ्य का समय निर्धारित किया गया है। उसके अगले दिन सुबह पांच बजकर 55 मिनट पर अर्घ्य दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## राकांपा के उम्मीदवार मोबिन अंसारी ने किया गांवों का दौरा



**गोविंदपुर ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार मोबिन अंसारी ने मंगलवार को गोविंदपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने किया कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने मुस्लिम समाज को ठगा है । राकांपा ने मुसलमानो पर भरोसा जताया है और उन्हें टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि जनता का व्यापक समर्थन उन्हें मिल रहा है। उनके साथ मुखिया संघ के अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, शाहिद अंसारी, शेखर यादव, अलीमुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी, रफीक अंसारी, बबलू अंसारी, हामिद अंसारी, कलीम अंसारी, सुब्रतो दास, अजीत टुडू, कौसर अंसारी आदि शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने जैन समाज से की मुलाकात



**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने मंगलवार को जैन समाज के प्रबुद्ध जनों से मुलाकात की और साथ में सुबह का नाश्ता किया। उन्होंने कहा सभी से मिल रहे प्यार,आशीर्वाद और समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर महेंद्र भाई संघवी, राहुल मटालिया, भूपेश संघवी,राजेश मटालिया, नितिन मेहता, चेतन शाह, नितिन कोठारी, रमेश संघवी, भरत दोषी, मनोज दफ़्तरी, राजेश परकरिया, मनोज जैन, संजय जैन मौजूद थे।

## मिहिजाम चेकनाका पर स्कार्पियो से पकड़ाया 1 लाख कैश

**जामताड़ा।** झारखंड बंगाल बॉर्डर मिहिजाम के चेकनाका पर पुलिस ने एक स्कॉर्पियो से 1 लाख रुपया बरामद किया। यह रुपया सोमवार शाम को उस समय बरामद हुआ। जब मिहिजाम के कानगोई चेकनाका बॉर्डर पर वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन बंगाल से बिहार जा रहा था । चेकनाका पर वाहन का डिक्की चेक किया गया। उसमें एक अटैची में रखा एक लाख कैश रुपया मिला। वाहन चेकिंग के दौरान एसडीपीओ विकास आनंद लगोरी ,प्रशिक्षण डीएसपी चंद्रशेखर , मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे सहित मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

## मन्नान मल्लिक से निर्दलीय प्रत्याशी ने लिया आशीर्वाद



**धनबाद।** धनबाद विधानसभा के निर्दलीय कर्मठ एवं समाजसेवी प्रत्याशी कुमार कौशल ने झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और आशीर्वाद लिया। उनके बड़े पुत्र हुब्बान मल्लिक से राजनीतिक विचार विमर्श किया। उनके साथ पटेल समाज के दामोदर प्रसाद, ओबीसी एससी एसटी माइनॉरिटी मोर्चा के जिला महासचिव गोपाल यादव ने बताया कि पूरे क्षेत्र में समाजसेवी के रूप में कुमार कौशल जाना पहचाना नाम है।

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

लोक आस्था का पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** भगवान सूर्य की आराधना का चार दिवसीय महापर्व छठ गिरिडीह में नहाय खाय के साथ मंगलवार को शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस लोक आस्था के महापर्व के पहले दिन मंगलवार को जिले भर की छठव्रतियों ने स्नान आदि नित्य क्रिया से निवृत्त होकर भगवान सूर्य की उपासना करते हुए पूरी निष्ठा और भक्ति के साथ नहाय-खाय की रस्म पूरी की। इस दौरान अरवा चावल का भात, चने की दाल, कद्दू अथवा कोहड़ा की सब्जी के अलावा अन्य मौसमी शुद्ध सब्जी का भोग लगाया और इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। छठव्रती के प्रसाद ग्रहण करने के बाद परिवार के सभी सदस्यों के अलावा हित कुटुम्बों, नाते रिश्तेदारों व पड़ोसियों ने भी उस भोजन को प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। दूसरे दिन अर्थात बुधवार को व्रती दिन भर का निर्जला उपवास रखकर संध्या पहर खरना करेंगी। इस दौरान व्रती दूध, अरवा चावल और गुड़ से बनी खीर एवं रोटी आदि बना छठी मइया का आह्वान कर पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ उन्हें उन भोज्य पदार्थों का भोग लगाएंगी। उसके बाद छठ व्रती खरना (लोहंडा) का प्रसाद ग्रहण करेंगी। छठव्रती द्वारा प्रसाद ग्रहण करने के बाद खरना का प्रसाद पूरे परिवार के लोगों के अलावा अन्य सभी लोग ग्रहण करेंगे। खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देंगी। अर्ध्य के लिए व्रती तीसरे दिन आटा और गुड़ मिश्रित शुद्ध देशी घी में छने ठेकुआ बना उन्हें डाले में सजा छठ घाट पहुंचेंगी जहां अस्ताचल गामी सूर्य को वही ठेकुंआ का भोग लगा अर्ध्य देंगी। पर्व के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को छठव्रती उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत का पारण करेंगी।



### सिंदरी में छठ महापर्व की धूम

**सिंदरी ।** सिंदरी में छठव्रतियों ने मंगलवार को नहाय खाय के साथ चार दिनी लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत शुरू किया। व्रतियों ने नहाकर आस्था के साथ खाना बनाया और भगवान भास्कर को प्रणाम कर ग्रहण किया। नहाय खाय में व्रतियों ने मिट्टी के चूल्हे पर अरवा चावल, चने की दाल, पालक साग, आलू बैंगन गोभी की सब्जी और हरे धनिया की चटनी का सेवन किया। व्रतियों ने बताया कि शारदीय छठ व्रत की शुरुआत हो गई है। बुधवार को खरना किया जाएगा। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर देकर चार दिनी लोक आस्था का महापर्व समाप्त हो जाएगा। लोगों ने सिंदरी के शिव मंदिर, आइएमटाइप कालोनी, सेवन लेक, बीआईटी सिंदरी तथा दामोदर नदी के छठ घाटों पर जाकर घाट की सफाई की व गोबर और मिट्टी से घाटों को रंग रोगन किया।

### राजा तालाब की हुई सफाई

**धनबाद।** छठ के नहाय खाय के दिन महागठबंधन समर्थित झरिया से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने कार्यकताओं, समर्थकों, स्थानीय लोगों और नगर-निगम के कर्मचारियों के साथ राजा तालाब की साफ-सफाई की। उन्होंने तालाब की गंदगी पर चिंता जतायी और अपील की कि पानी में शराब की बोतलें, कांच, प्लास्टिक और पीओपी की बनी मूर्तियां फेंककर छठव्रतियों के लिए तालाब को असुरक्षित न बनायें। मौके पर झरिया कांग्रेस नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव ,राज आनंद सिंह, रामजी सिंह, राजा गुप्ता, महेश शर्मा, राम कृष्ण पाठक, अक्षय यादव, अभिषेक सिंह, महेश शर्मा, प्रीतम रवानी, झुन्नू गुप्ता, राजेश सिंह, राजीव पांडे, कुंदन मोदक, कृष्णा पटेल, सिंकू सिंह, दीपक यादव, पहलवान सिंह, दीपक शर्मा, बजरंगी सिंह, मंटू प्रसाद, गणेश राजक, प्रीति वर्मा, संजय यादव, अमर प्रसाद, राजेश सिंह, बिनोद साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



## देश की सबसे ज्यादा भ्रष्ट हेमंत सरकार : शिवराज सिंह चौहान



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान जोर पकड़ता जा रहा है। सारठ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह के समर्थन में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करमाटांड़ के मिशन ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित किया।सभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को देश की ह्लसबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और अब बदलाव चाहती है।सभा स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह ने चौहान का स्वागत किया, जबकि समर्थकों ने जोश से नारेबाजी की।चौहान ने अपने संबोधन में भाजपा को समर्थन देने की अपील की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने की बात कही।मीडिया से बातचीत में उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा, ह्लहेमंत सोरेन के पाप का घड़ा भर गया है. कभी रोते हैं, कभी चिट्ठी लिखते हैं, लेकिन जनता अब इनसे तंग आ चुकी है और सत्ता में बदलाव का मन बना चुकी है। सभा में रणधीर कुमार सिंह ने भी जनता को संबोधित किया और कहा कि उनके कार्यकाल में सारठ क्षेत्र में व्यापक विकास हुआ है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर आरोप लगाया कि उनके उम्मीदवार ने जनता का शोषण और भेदभाव किया है।रणधीर सिंह ने जनता से अपील की कि इस बार सेवा के संकल्प के साथ उन्हें समर्थन दें, ताकि सारठ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहती रहे।

## भाकपा-माले प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने मंगलवार को निरसा उत्तर पंचायत के मोदीडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला पहनाकर व बूके देकर उनका जोरदार स्वागत किया। निरसा उत्तर पंचायत के मोदीडीह गांव में कई लोगों ने दूसरी पार्टी छोड़कर भाकपा माले का दामन थामा। अरूप चटर्जी ने फूल माला पहनाकर उन सभी को पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने गांव वालों से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

### इन्होंने थामा दामन

भाकपा माले का दामन थामने वालों में रंजीत रब्बानी,सुभाष रब्बानी, मिठू रवानी, संजय बाउरी, मिहिर रवानी, बबलू रवानी, विक्की रवानी, आशीष बाउरी, मुनमुन साहनी, प्रताप रक्षित, विक्रम रवानी, समीर रवानी कृति रवानी, गणेश रवानी सुधीर महतो, वीरू रवानी, भीम तुरी, दुर्गा तुरी, पिंटू राय,सुशांत मंडल, परेश रवानी, राजु मुर्मू, साहब लाल मुर्मू,हिमालय बाउरी, संगीत साव, ओम प्रकाश रवानी, दिलीप रवानी,रावण बाउरी, मदन राय, विजय साहनी, राहुल साहनी, बबलू राय, अंजुम राय, मिठू राय, मोहन मरांडी, कमलेश्वर मरांडी, लीलू राय, मेघनाथ राय, राजेश राय,नुनु राय, समीर मंडल,डिजा हांसदा, लखन दास, हरि महतो, मानिक पाल आदि शामिल हैं।ॅलखींद्र मरांडी, परेश रविदास, मनोज सिंह, निमाई सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## एनडीए की बैठक में राज सिन्हा की जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में जीत को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट चुके है। इसी क्रम में मंगलवार को धनबाद विधानसभा सीट पर भारी मतों से जीत को लेकर होटल कुबेर में भाजपा-एनडीए की एक बैठक की गई। जिसमें धनबाद से भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रायसुमारी कर रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम में धनबाद से भाजपा प्रत्यासी राज सिन्हा समेत एनडीए के तमाम घटक दलों के जिला अध्यक्ष, नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं से प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर उनसे उनकी राय ली गई। वहीं इस दौरान घटक दल के नेताओं ने पिछले साल से भी ज्यादा मतों के अंतर से जीत पक्की करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने मांग की कि यदि प्रदेश में इस बार एनडीए की सरकार बनती है तो धनबाद विधायक राज सिन्हा को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए।

### बैठक में थे मौजूद

बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, आज सुशीला अध्यक्ष मंटू महतो,आजसू विधानसभा प्रभारी विनय सिंह,भाजपा विधानसभा प्रभारी सुनील पासवान,जदयू ओबीसी प्रकोष्ठ के रामस्वरूप यादव,जदयू प्रदेश सचिव राजू सिंह, भाजपा विधानसभा संयोजक मानस प्रसून, भाजपा जिला अध्यक्ष सरवन राय, भाजपा जिला मंत्री पंकज सिंह उपस्थित थे।

एक नजर में

## ग्रामीण एकता मंच ने की अजय कुमार दुबे को समर्थन देने की घोषणा



**पुटकी।** ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को गोपालीचक 2 नंबर स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर धनबाद विधानसभा चुनाव में मंच द्वारा समर्थित प्रत्याशी की घोषणा की। मंच के अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे को अपना समर्थन देते हुए दम खम के साथ चुनाव प्रचार करने की बात कही। मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, नरेश भारती,भोला शर्मा, उत्पल झा, विनोद सिंह, दिलीप दास, राकेश सिंह, करण चौहान, राहुल कुमार, ज्वाला सिंह, संतोष यादव, अंकित कुमार, राजेश भारती, नागेश्वर चौधरी आदि मौजूद थे।

## व्यय प्रेक्षक ने बैंकों के असमान्य लेन देन पर नजर रखने का दिया निर्देश

**धनबाद।** व्यय प्रेक्षक आर ए ध्यानी एवं कुमार आदित्य ने मंगलवार को समाहरणालय में उत्पाद विभाग एवं लीडिंग बैंक के मैनेजरों के साथ बैठक की। उत्पाद विभाग की ओर से की जा रही छापामारी, जब्ती एवं जांच की समीक्षा की गयी। साथ ही बैंक मैनेजरों को संदेहात्मक एवं असामान्य बैंकिंग लेन-देन पर कड़ी नजर रखने निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रत्याशियों एवं उनके संबंधित व्यक्तियों के पैन पर निगरानी रखने को कहा गया। बैठक में व्यय अनुश्रवण कोषाग के वरीय पदाधिकारी गालिब अंसारी एवं नोडल पदाधिकारी ध्रुव नारायण राय भी मौजूद थे।

## धनबाद हाउसिंग कॉलोनी में खुला कांग्रेस का चुनावी कार्यालय



**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी में कांग्रेस का प्रधान कार्यालय खुला। उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार दुबे भी मौजूद थे। मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, महेंद्र दुबे,इरफान खान चौधरी, कुमार गौरव, पप्पू कुमार तिवारी, गोपाल कृष्ण चौधरी, कार्तिक घोष, अरविंद सैनी, उत्तम मिश्रा, पप्पू सिंह, विनोद पांडे, शिव प्रधान यादव सहित लोग मौजूद थे।

## धू धूकर जलने से बचा सिंदरी का शहरपुरा बाजार



**सिंदरी ।** सिंदरी के शहरपुरा बाजार के एन ए सी मार्केट के इदरीस हुसैन की गैस रिफलिंग दुकान में स्टोव ठीक करने के दौरान आग लगने से अफरा तफरी मच गई, हालांकि शहरपुरा बाजार धू धूकर जलने से बच गया। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर दुकानों में भीड़भाड़ के बीच मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे इस घटना से बाजार में भागमभाग की स्थिति मच गई। आनन फानन में आसपास के दुकानदारों ने बालू और बोरा से ढककर आग पर काबू पाया। सिंदरी चेम्बर ने सिंदरी थाना से लिखित शिकायत की है।सिंदरी के शहरपुरा बाजार में मंगलवार दोपहर 12 वर्ष पूर्व की घटना दुबारा होने से बच गई। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि एन ए सी शहरपुरा बाजार के स्टॉल संख्या 110-111-112 संचालक इदरीस हुसैन, स्टॉल संख्या 129-130 संचालक शिवेंद्र मोहन कुमार अपनी दुकानों में बड़े गैस सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफलिंग करते हैं। उनलोगों ने बताया कि इदरीस हुसैन की दुकान में अगलगी की घटना के बाद सामने के दुकानदार शिवेंद्र मोहन कुमार छोटे गैस सिलेंडर लेकर भागते दिखाई दिए।

## लोजपा सांसद राजेश वर्मा ने गिनाई हेमंत सरकार की विफलताएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के लोजपा सांसद राजेश वर्मा मंगलवार को चिटाही स्थित धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के आवास पहुंचे। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाघमारा से भाजपा के प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो भारी मतों से विजयी होंगे। बाघमारा का चहुंमुखी विकास होगा। प्रदेश और केंद्र दोनों का सहयोग इस विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में एन डी ए की लहर है। प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। झारखंड की हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि झारखंड की क्या स्थिति रही। चतरा में भ्रमण के दौरान एक बेरोजगार युवक ने बताया कि योग्यता रहते हुए उससे कम अंक के अभ्यर्थी को नियोजन मिला। उन्होंने उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान युवाओं की मौत पर सरकार को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर आनन फानन में नौकरी के नाम पर युवाओं को भरी दोपहरी में दौड़ा दिया। इसी वजह से दर्जन भर से भी ज्यादा होनहार युवाओं की जान चली गई। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के सभी जिलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई किसी की सुनने वाला नहीं है। आम जनता परेशान हो चुकी है। म्यूटैशन जैसे कार्य के लिए सभी ब्लॉक में रेट फिक्स कर दिया गया है। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि इस सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले इन लोगों ने आदिवासियों को ठगा है। इस सरकार में न तो हमारी रोटी, न बेटी और न ही हमारी माटी सुरक्षित है।

## सड़क दुर्घटना में घायल की स्थिति सामान्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** जीटी रोड फकीकडीह में सोमवार को सड़क दुर्घटना में घायल सजदा खातून 15 वर्ष की स्थिति सामान्य है। लाइफलाइन अस्पताल में इलाज के बाद सोमवार रात ही उसे मां तारा नर्सिंग होम बागसुमा रेफर कर दिया गया था, जहां मंगलवार को उसका ऑपरेशन हुआ। अस्पताल संचालक डॉ आनंद मोदी ने बताया कि सजदा खातून की स्थिति खतरा से बाहर है। इधर इस संबंध में जफर मंसूरी, उम्र 60 वर्ष, ग्राम फकीरडीह का फर्द बयान गोविंदपुर पुलिस ने लिया। उन्होंने बयान में कहा है कि उनकी पुत्री रूबी खातून उम्र 30 वर्ष अपनी बहन आयत परवीन 15 वर्ष, पुत्री सिफत परवीन 9 वर्ष तथा पड़ोसी जहांगीर शाह की पुत्री साजदा खातून 15 वर्ष को लेकर ट्यूशन छोड़ने के लिए सड़क पर खड़ी थी। इस बीच बीआर 33 जीए 8814 नंबर की पिकअप वैन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सभी को रौंद दिया । इस घटना में रूबी खातून और आयत परवीन की मौत घटनास्थल पर ही गई, जबकि नतनी सिफत परवीन ने अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## कई युवाओं ने थामा जेएलकेएम का दामन




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के दर्जनाधिक युवाओं ने मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का दामन थाम लिया। स्थानीय जेपी चौक स्थित जेएलकेएम (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) कार्यालय में जेएलकेएम के गिरिडीह विस प्रत्याशी नवीन आनंद चौरसिया ने उन सभी युवाओं का पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले युवकों में फैयाज, मोहम्मद निजामुद्दीन, महबूब अंसारी, दाऊद अंसारी, मोहम्मद नियाज, सोहन दास, गुरुदेव भुइयां, मोनू साहू, फिरोज, शाहबाज, बंटी, सब्बू, फैजान, अयान, नवाब, आसिफ आदि शामिल थे। मौके पर नवीन चौरसिया ने कहा कि झारखंड की हेमन्त सोरेन की सरकार ने अपने कार्यकाल में यहां के युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है।

# स्वयंसेवी युवकों ने उठाया छठ तालाबों की सफाई का बीड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर के सभी छठ तालाबों की सफाई का बीड़ा स्वयंसेवी युवकों एवं छठ पूजा समितियों ने उठाया है । गोविंदपुर थाना के सामने के मुख्य छठ तालाब, बड़ा बांध छठ तालाब, खुदिया नदी छठ घाट, रतनपुर छठ तालाब, आकाशगंगा कॉलोनी लालबंगला छठ तालाब, गोसाईंडीह तालाब, बीरू मियां छठ तालाब, कांड्रा छठ घाट, खुदिया नदी कुसमाटांड़, साबलपुर जोरिया छठ घाट, बरवापूर्व खुदिया छठ घाट समेत विभिन्न स्थानों पर छठ पूजा समितियों और स्वयंसेवी युवकों द्वारा युद्ध स्तर पर साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। बुधवार तक छठ घाटों की सफाई हो जाएगी। इस बीच गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने मंगलवार को गोविंदपुर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ पूजा समितियों एवं स्वयंसेवकों से जलाशयों में बास और रस्सी लगाने की अपील की ताकि पानी में किसी को कोई खतरा न हो। इसके अलावा महिलाओं से कीमती जेवर पहनकर छठ घाट नहीं आने की भी अपील की है । उन्होंने कहा कि छठ घाटों में आतिशबाजी से श्रद्धालुओं को नुकसान हो सकता है इसलिए उन्होंने छठ पूजा समितियां से किसी भी तरह की आतिशबाजी नहीं करने की भी अपील की है। पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि भीड़ का फायदा उठाते हुए महिला अपराधी श्रद्धालुओं का जेवर झपेट झपट लेती है । पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि सभी घाटों में महिला पुलिस की भी तैनाती की जाएगी। इसके अलावा सभी घाटों में पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है ।

### भगवान सूर्य की प्रतिमा का हुआ रंग-रोगन

नागरिक समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल की ओर से मुख्य छठ तालाब पर स्थापित भगवान सूर्य देव की प्रतिमा का रंग रोगन कर दिया गया है । मारवाड़ी युवा मंच एवं सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से यहां लाइटिंग का भी प्रबंध किया जाएगा। समिति के संयुक्त सचिव अनूप कुमार साव ने बताया कि बुधवार सुबह यहां श्रमदान किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने झारखंड सशस्त्र पुलिस वाहिनी तीन के कमांडेंट को पत्र लिखा है। वाहिनी की ओर से श्रमदान में जवानों की भागीदारी का आश्वासन दिया गया है।

# कनाडा में उपद्रव

कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिव्यक्ति व आस्था की आजादी की डींगें हांकने वाली ट्रूडो सरकार की, ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई निंदनीय हिंसा से संवेदनशीलता से निबटने में अयोग्यता ही उजागर हुई है। लगातार खराब होते दोनों देशों के रिश्तों के बीच यह घटनाक्रम जस्टिन ट्रूडो सरकार की छवि पर दाग लगाता है। दरअसल, पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। सतही तौर पर तो ट्रूडो ने ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा की है। साथ ही कहा है कि उसके प्रत्येक कनाडाई नागरिक को स्वतंत्र तरीके और सुरक्षित रूप से अपनी आस्था की अभिव्यक्ति व पालन का अधिकार है। लेकिन दूसरी ओर राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये पृथकतावादियों को खुली छूट दी जा रही है। ऐसे में उन्हें भारत विरोधी तत्वों को मनमानी करने देने के लिये स्थिति को स्पष्ट करना होगा। यह आरोप दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि कनाडाई पुलिस ने हिंदू भक्तों को निशाना बनाया और खालिस्तान समर्थकों को बचाने की कोशिश की। यह कनाडा में हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मयार्दा की सीमाएं लांघते हुए अनेक आक्षेप किये हैं। कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# हैरिस हों या ट्रंप...भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त

अमेरिकी चुनाव में सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बने या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक-दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिला। 1990 के दशक में शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है।

हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।





**- आरके सिन्हा**

> प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक तानेबाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्यांगना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं।

शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**महापर्व** छठ में आज नहाय-खाय के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी शुभकामनाएं। विशेष रूप से सभी व्रतियों को मेरा अभिनंदन। छठी मइया की कृपा से आप सबका अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हो, यही कामना है।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**मैं** झारखण्ड के अपने करोड़ों लोगों के बीच न रह पाऊ इसलिए - भाजपा मुझे साजिश कर झूठे आरोप में जेल में तो भेज सकती है,चुनाव में मेरा हेलीकॉप्टर तो रुकवा सकती है,

मगर लोगों के दिल से उनके इस बेटे और भाई को कैसे रोक सकेगी? नहीं रोक पाएगी!

**-हेमंत सोरेन, सीएम**

# सूर्य की उपासना वैज्ञानिक मान्यताओं पर भी खरा



**डॉ उषा किरण**

**सूर्य** हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक है यह बात हम सब जानते हैं सूर्य न सिर्फ हमें बल्कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड को ऊर्जा प्रदान करता है। पौराणिक काल से ही सूर्य को देवता का दर्जा प्राप्त है। हाल ही में छठ का पर्व बीता है जिसमें विशेषकर सूर्य को जल का अर्घ्य देकर पूजा की जाती है। वैदिक ज्योतिष और हमारे पुराणों में भी सूर्य का विशेष महत्व बताया गया है। हमारे पुराणों में भी सूर्य भगवान की पूजा और महत्व का उल्लेख मिलता है। देशभर में बने सूर्य मंदिर भी सूर्यदेव में लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इसी तरह सूर्य को जल का अर्घ्य देना और जल अर्पित करना भी एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। आज से नहीं बल्कि प्राचीनकाल से यह प्रथा चली आ रही है और आज भी इसका धार्मिक महत्व है तो चलिए आज बताते हैं सूर्य को अर्घ्य देने के ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारणों के बारे में।

### ऊर्जा की होती है प्राप्ति

सूर्यदेव को जल का अर्घ्य देने के पीछे माना जाता है कि जो भी मनुष्य सूर्योदय के समय सूर्य को जल अर्पित करता है उसके दिन की शुरूआत अच्छे से होती है। प्राचीन काल में लोग तालाब या नदी में स्नान करते समय सूर्य देवता को अर्घ्य देते थे। धार्मिक मान्यतानुसार, सुबह उठकर सूर्य देवता के दर्शन करने और जल अर्पित करने से व्यक्ति की आत्मा और मन को ऊर्जा मिलती है। यदि यह प्रक्रिया नियमित रूप से की जाए तो ऐसा माना जाता है कि मनुष्य का सौभाग्य बना रहता है। न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिष और विज्ञान में ऐसा करना फायदेमंद बताया गया है चलिए हम आपको बताएंगे कि ज्योतिषीय और वैज्ञानिक आधार पर सूर्य को अर्घ्य देना कितना आवश्यक है।

### सूर्य को अर्घ्य देने का ज्योतिषीय महत्व

**छठ पर्व**

सौरमंडल में सूर्य को निडर और निर्भीक ग्रह माना गया है। इस आधार पर सूर्य को अर्घ्य देने वाले व्यक्ति को भी ये विशेष गुण व्यक्ति मिलते हैं। सूर्य को प्रतिदिन अर्घ्य देने से व्यक्ति कुंडली में सूर्य की स्थिति भी मजबूत होती है। ज्योतिषविद्या के मुताबिक हर दिन सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति की कुंडली में यदि शनि की बुरी दृष्टि हो तो उसका प्रभाव भी कम होता है। जो व्यक्ति विशेष रूप से रोजाना ऐसा करता है तो इससे उसके जीवन पर पड़ने वाले शनि के हानिकारक प्रभाव भी कम हो जाते हैं। चंद्रमा में जल का तत्व निहित होता है और जब हम सूर्य को जल देते हैं तो न सिर्फ सूर्य बल्कि चंद्रमा से भी बनने वाले शुभ योग स्वयं ही व्यक्ति की कुंडली में विशेष रूप से सक्रिय हो जाते हैं।

### ज्योतिषीय महत्व

सूर्य को जल चढ़ाने के पीछे न सिर्फ ज्योतिषीय कारण हैं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं जैसे, सूर्य को जल का अर्घ्य देते समय जल की प्रत्येक बूंद एक माध्यम की तरह काम करती है और वातावरण में मौजूद विभिन्न जीवाणुओं से सुरक्षा करती हैं। सूर्य को प्रतिदिन अर्घ्य देने से हमारे आंखों की रोशनी भी तेज होती है। ऐसा माना जाता है कि सूर्य को अर्घ्य देने का खास महत्व सुबह का होता है। नियमित तौर पर से सूर्य को जल का अर्घ्य देने से हमारे शरीर की हड्डियां भी मजबूत होती हैं क्योंकि सुबह की सूर्य की किरणें व्यक्ति को सेहतमंद बनाने में भी मददगार होती हैं, चिकित्सीय आधार पर सूरज की किरणें हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए ऊर्जा प्रदान करती हैं।

### इस तरह अर्घ्य देना है लाभप्रद

हम ये समझ चुके हैं कि किस तरह सूर्य को ज्योतिषीय और वैज्ञानिक आधार पर जल का अर्घ्य देना आवश्यक है लेकिन हमारे लिए यह भी जानना जरूरी है कि सूर्य को किस विधि से अर्घ्य देना शुभ फलदायी हो सकता है। ऐसे में सूर्य को अर्घ्य देने की सही विधि भी जाननी चाहिए जिससे हमें उससे मिलने वाले शुभ फल की प्राप्ति हो। सबसे पहले सूर्य को जल अर्पित किए जाने वाले जल को लाल चंदन, सिंदूर और लाल फूल के साथ मिश्रित करें। अर्घ्य देते समय सूर्य की किरणों पर भी ध्यान देना चाहिए कि किरणें हल्की हो न कि बहुत तेज। अर्घ्य देते समय सूर्य मंत्र ओम सूर्याय नमः का 11 बार जप करना चाहिए, इसके बाद सूरज की ओर मुंह करते हुए 3 बार परिक्रमा करनी चाहिए। सूर्य को अर्घ्य देने के लिए केवल तांबे के बर्तन या ग्लास का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान गायत्री मंत्र का भी जाप करना भी शुभ माना जाता है। सूर्य पूर्व दिशा में निकलता है इसलिए अर्घ्य भी उसी दिशा में अर्पित करना फलदायी है। कुछ लोग सालों भर गायत्री मंत्र के साथ सूर्य को जल अर्घ्य अर्पित करते हैं जिसके अपने लाभ है।

# डिजिटल अरेस्ट होने से बचें और दूसरों को भी बचाएं

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**आज** भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्?वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा।

इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं? दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है?

यह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है।

हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है? दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन

**समस्या**

कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं।

सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्?कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है? ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं। फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं। स्कैमर्स, मोबाइल डिवाइस को मालवेयर से संक्रमित कर सकते हैं। इससे, डिजिटल वॉलेट ऐप से सीधे भुगतान जानकारी चुराई जा सकती है। स्कैमर्स, असली ऐप या वेबसाइट की तरह दिखने वाले नकली ऐप या वेबसाइट बनाते हैं। लोग कई बार ऐसे ऐप को अपने डिवाइस पर अनजाने में डाउनलोड कर लेते हैं। आज सोशल मीडिया का जमाना है और स्कैमर्स, सोशल इंजीनियरिंग हमलों का इस्तेमाल करके, यूजर को भुगतान डेटा साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इसके अलावा स्कैमर्स, यूजर के डिवाइस और भुगतान टर्मिनलों के बीच संचार को बाधित करते हैं। उसके साथ ही वे भुगतान डेटा पर कब्जा कर लेते हैं।

कई बार ऐसा होता है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित वाई-फाई का इस्तेमाल कर लेते हैं। फ्राड करने वाले इसी दौरान हमारे डिवाइस पर ऐक्?सेस लेकर हमारा डाटा चुरा लेते हैं। दूसरा अहम सवाल यह है कि पढ़े लिखे लोग भी स्कैमर्स के जाल में क्यों फंसते हैं? इसका प्रमुख कारण हैं लोगों के अंदर पुलिस और जांच एजेंसियों का डर। इस डर के दो कारण हो सकते हैं। पहला कारण जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में है। उसे यह जानकारी नहीं होती कि क?या कोई जांच एजेंसी फोन और वीडियो कॉल पर स्टेटमेंट रिकॉर्ड करती है अथवा बचाने के नाम पर ऑनलाइन पैसा भी मांगती है। दूसरा कारण भी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर पीड़ित व्यक्ति सचमुच गलत काम कर रहा है तो वह आसानी से स्?कैमर्स के झांसे में आ सकता है। लेकिन अगर ०?यक्ति गलत काम कर ही नहीं रहा तो उसके डरने का सवाल ही नहीं उठता। वह स्कैमर्स का डटकर मुकाबला करेगा और अगर वह चाह ले तो स्कैमर्स को एक्सपोज कर भी कर देगा।

आज जिस तरीके से डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए लोगों को अत्यधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक आने वाले लिंक, कॉल से सतर्क रहें। आज हर व्यक्ति को समझने की जरूरत है कि वे इस तरह के मामलों के झांसे में न आए। संदिग्ध या अनावश्यक कॉल को न उठाए।

इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह के मामले की जांच या स्टेटमेंट रिकॉर्ड नहीं करती है। अगर ऐसी कोई कॉल आपके पास आती है तो अपने घरवालों, परिवार और दोस्तों को इस तरह के फ्रॉड के बारे में बताएं ताकि वे भी सतर्क रहें। फ्रॉड का शिकार होने अथवा उसका शक होने पर डरने की जगह साइबर सेल से संपर्क कर इसकी जानकारी देकर आप देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### इनमोसा ने जीएम को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह को बेस्ट जीएम का पुरस्कार मिलने पर मंगलवार को इनमोसा बरका-सयाल क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने सम्मानित किया। मालूम हो कि कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया के स्थापना दिवस समारोह में कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद द्वारा बरका-सयाल महाप्रबंधक को पूरे सीसीएल में बेस्ट जीएम के अवार्ड से नवाजा गया है। इसी खुशी में इनमोसा बरका-सयाल क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल ने बधाई देते हुए जीएम अजय सिंह को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया है। सम्मानित करने वालो में बरका-सयाल क्षेत्र के अध्यक्ष विकाश कान्त सिन्हा, सचिव हरेन्द्र कुमार सिंह, पवन झा, महाबीर कुमार, अनुज कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, गुप्तेश्वर कुमार, श्रवण कुमार, संदीप सिंह, महेश प्रसाद, संतोष कुजूर, मोहित अम्बष्ठा, गिरजा शंकर सिंह, बलराज फुलूड़िया, बिनोद कुमार भगत आदि शामिल थे।

### प्रेक्षक ने एमसीएमसी का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से मंगलवार को व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला ने समाहरणालय परिसर स्थित सूचना भवन में बनाए गए एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला के द्वारा एमसीएमसी कोषांग में मॉनिटरिंग कर रहे हैं सदस्यों से जानकारी ली गई। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर द्वारा एमसीएमसी कोषांग से संबंधित किए जा रहे कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी ने प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही गतिविधियों पर व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला को विस्तार पूर्वक मॉनिटरिंग एवं प्रत्याशियों द्वारा हो रही गतिविधियों की निगरानी पर पेड़ न्यूज, विज्ञापन आदि की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ श्री पीयूष शुक्ला ने प्रत्याशियों का सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के विभिन्न पोर्टलों एवं प्रत्याशियों द्वारा जारी सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक, ट्विटर ( ), युटुब पर पर पेड न्यूज के मद्देनजर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से लिपिक सुनीता कुमारी,कंप्यूटर ऑपरेटर मजहरुल हक, स्वागतक नितेश पासवान, एमसीएमसी कोषांग कर्मी निशा कुमारी, रूमा कुमारी, लक्ष्मी राम बेदिया, कुमारी शिल्पी सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोलू के निधन पर शोक व्यक्त

**रामगढ़।** गिद्दी निवासी नवनीत कुमार के छोटे भाई गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता स्व मोतीलाल राय का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। गोलू का अंतिम संस्कार रिवर साइड स्थित दामोदर नदी घाट पर किया गया। गोलू के बड़े चाचा केशव राय ने उन्हें मुखाग्नि दी। गोलू अपने मिलनसार स्वभाव और अच्छे कार्य के लिए जाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन पर कई समाज सेवियों, राजनीतिक दल के नेताओं और पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### ईवीएम का रेंडमाइजेशन संपन्न



रामगढ़। विधानसभा चुनाव के स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की उपस्थिति में 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन किया गया। वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने 23 रामगढ़ के लिए तैयार ईवीएम की संख्या के संबंध में जानकारी दी इसके उपरांत जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने के द्वारा ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग करते रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### नलकारी नदी पर घाट की साफ शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर श्रीश्री छठ पूजा समिति ने मंगलवार को भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट की साफ-सफाई कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान जेसीबी मशीन से घाटो व श्रद्धालुओं के आनेजाने वाले रास्तों की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही लोगों से छठ घाटो को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई। मौके पर पूजा समिति के लोगों ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर जेसीबी मशीन से साफ-सफाई का कार्य छठ घाट में कराया जा रहा है। ताकि छठव्रतियों सहित श्रद्धालु महिला-पुरूषों को छठ घाट तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। कहा गया कि श्रीश्री छठ पूजा समिति द्वारा पूजा के दौरान छठव्रतियो और श्रद्धालु के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। साफ-सफाई अभियान में छठ पूजा समिति के संजीत राम, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, दीपक कुमार, पिंटू सागर, शशि सागर, गोपाल करमाली, भीखम राजभर, योगेंद्र करमाली, आजाद भुईया, भास्कर सिंह, विजय राम, अमृत, अरुण आदि श्रद्धालु जुटे हैं।

# जाति के नाम पर बटे तो निर्ममता से कटेंगे : योगी

## झामुमो, राजद और कांग्रेस का गठबंधन भ्रष्टाचार के फरिश्ते

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव/ हजारीबाग।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि ताकत का अहसास कराइए। पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करेंगे और हर घर पर बजरंगी पताका फहराती दिखाई देगी। साथ ही कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। अगर यही हाल रहा तो घरों में घंटी और शंख नहीं बज पायेगा। इसलिए एक रहिये नेक रहिये, याद रखना जब भी आप जाति के नाम पर बटे है, निर्ममता से कटे हैं।

योगी ने कहा कि झामुमो, राजद और कांग्रेस का गठबंधन झारखंड के विकास के लिए नहीं है। ये विनाश के दूत हैं। भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। यहां की सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए प्रश्रय दिया है। योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के संकल्प पत्र को दोहराया और कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो गोगो दीदी योजना से हर महीने महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख लोगों को पक्का घर दिया जाएगा। बालू फ्री में दी जाएगी। ये सभी लाभ झारखंडवासियों को दिए जाएंगे, बांग्लादेशी घुसपैठियों को नहीं। उन्होंने ग्रामीणों से हजारीबाग सदर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी के पक्ष में भारी मतों से मतदान करने के अपील की। सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों से कमल पर बटन दबाकर सदर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बड़कागांव से भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को भारी मतों से विजयी बनानें का अपील की



### योगी की आशीर्वाद से अभिभूत हूं : प्रदीप प्रसाद

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सनातन धर्म के रक्षकउत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद से अभिभूता हूँ। प्रसाद ने कहा कि गठबंधन सरकार झारखंडियों को ठगा। सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद किया। उन्होंने कहा कि योगी के आशीर्वाद से हजारीबाग में जरूर कमल खिलेगा।

### बड़कागांव में खिलेगा कमल: रोशन लाल चौधरी

बड़कागांव भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस बार बड़कागांव में खिलेगा कमल। झामुमो कांग्रेस की सरकार में यहाँ कोई विकास नहीं हुआ है। क्षेत्र में 15 साल से कांग्रेस के विधायक रहे है लेकिन क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वस्थ्य, शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जनता में आक्रोश है और जनता कांग्रेस को उखाड़ फेंकेगी।

## मनोज यादव ने जारी किया संकल्प पत्र




**बरही।** बरही विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने 2024-29 कार्यकाल के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। उन्होंने पिछले कार्यकाल की 2014-19 कार्यकाल की कई उपलब्धियों को भी दर्शाया है। जिनमें चंदवारा में डिग्री कॉलेज का निर्माण, बेन्दगी (बरही) में आईटीआई कॉलेज की स्थापना, बरही में पॉलिटेक्निक कॉलेज की मंजूरी, कई उच्च विद्यालयों को 10 प्लस टू में अपग्रेड किया गया।

चौपारण प्रखंड में अंचल कार्यालय भवन का निर्माण, बराकर से चौपारण तक जलापूर्ति योजना स्वीकृत, कई सड़कें और पुलों का निर्माण, बरही में स्टेडियम और केन्द्रीय कारागार का निर्माण, पावर सब-स्टेशन का निर्माण चौपारण और बरही में, तिलैया डैम पर पुल का निर्माण कार्य पूरा, बरही चौक का सुंदरीकरण और विकास आदि है। वही संकल्प 2024-29 के लिए नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में सुधार, बरही के युवाओं के लिए स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ, ट्रॉमा सेंटर और 24 घंटे एंबुलेंस सेवा का प्रावधान, खेल सुविधाओं को बढ़ावा देकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना, नशे के अवैध कारोबार पर रोक, लिफ्ट सिंचाई योजना का विस्तार, पेयजल की समस्या का समाधान, डिग्री कॉलेज की व्यवस्था विजैया में, धीमी गति से चल रहे एनएच-2 के कार्य में तेजी, जनता दरबार का आयोजन, तिलैया डैम विस्थापित रैयतों को मालिकाना हक दिलाना, पेयजल जलापूर्ति योजना को चौपारण प्रखंड तक पूरा करना आदि शामिल है।

भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने क्रम संख्या-2 कमल छाप पर मत देने की अपील की है। उन्होंने वादा किया है कि आगामी कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

## जेपी पटेल को विरासत में मिली राजनीति

सचिन कुमार

### मांडू विस सीट पर पिता पुत्र का 35 वर्ष से कब्जा

**कुजू।** मांडू से पांच बार झारखंड मुक्ति मोर्चा से विधायक रहे टेकलाल महतो का 2011 में निधन के बाद जयप्रकाश भाई पटेल को पिता का राजनीति विरासत मिली। जेपी पटेल भी लगातार तीन बार से मांडू विधानसभा का विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पिता-पुत्र का मांडू विधानसभा पर 35 वर्षों से कब्जा रहा है। पिता के निधन के बाद 29 वर्ष की उम्र में जेपी पटेल सक्रिय राजनीति में आए। टेकलाल महतो के निधन के बाद 2011 में हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें चुनाव लड़वाया। पटेल ने कांग्रेस के प्रत्याशी कुमार महेश सिंह को पराजित कर पहली बार विधायक बने।

पार्टी ने वर्ष 2013 में पटेल को झारखंड सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री भी बनाया। झारखंड सरकार में 2014 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन पर पुनः विश्वास जताया और मांडू विधानसभा से चुनाव लड़वाया। पटेल भाजपा के प्रत्याशी कुमार महेश सिंह को 7012 मतों से पराजित किया। इसके साथ ही वे



दोबारा विधायक बनकर सदन तक पहुंचे। 2019 के विधानसभा चुनाव के पूर्व जयप्रकाश भाई पटेल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से नाता तोड़ दिया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

2019 का चुनाव पटेल ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। चुनाव में आजसू प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो से उनकी जबरदस्त टक्कर हुई। इसके बावजूद पटेल 2062 वोट से तिवारी महतो को पराजित कर जीत हासिल की। जेपी पटेल को कुल वोट49855 व तिवारी महतो को47793 वोट मिले। 2024 के लोकसभा चुनाव में सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी के शीर्ष नेताओं को लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की अपना इच्छा जताई। इसके बाद जेपी पटेल को पार्टी पर पूरा भरोसा था कि उन्हें पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ाईगी। लेकिन बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को टिकट दे दिया। टिकट नहीं मिलने से नाराज जेपी पटेल ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने पटेल को टिकट देकर हजारीबाग लोकसभा से चुनाव लड़वाया। हालांकि पटेल भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल से चुनाव हार गए। 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने मांडू से तीन बार के सिटिंग विधायक होने के नाते जेपी पटेल पर आस्था जताते हुए मांडू सीट से टिकट देने का काम किया है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे हैं जेपी पटेल का सीधा मुकाबला एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के साथ होने की उम्मीद है।

### बरही में बदलाव की लहर : साबी देवी



**बरही।** कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के समर्थन में उनकी मां साबी देवी एवं पत्नी शिल्पी साहू ने पदमा प्रखंड के पदमा पंचायत और सरैया पंचायत के विभिन्न मुहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। साबी देवी ने लोगों से कहा कि पिछले 30 वर्षों के कुशासन को समाप्त करने का समय आ गया है और बरही विधानसभा में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि लोग कांग्रेस के हाथ चिन्ह को समर्थन देने के लिए उत्साहित हैं और चुपचाप समर्थन अभियान में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा की जनता इस बार इतिहास रचने के लिए तैयार है। अरुण साहू की पत्नी शिल्पी साहू ने 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में हाथ चिन्ह के क्रम संख्या 1 पर वोट देकर कांग्रेस को जिताने की अपील की।

## नहाय खाय के साथ लोक आस्था का पर्व छठ शुरू

▸▸ छठ के गीतों से गुंजा भुरकुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय कार्तिक छठ का शुभारंभ मंगलवार से नहाय-खाय के साथ हुआ। छठ महापर्व को लेकर छठ घाट सहित आवागमन रास्ते की साफ-सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। छठ महापर्व को ले पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। साथ ही छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व कार्तिक छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रती दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएंगे और पूजा-अर्चना के



बाद खीर के प्रसाद को सेवन करेंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही कार्तिक छठ पर्व के तीसरे दिन गुरूवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी। वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों



को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पतरातू प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय ने छठ मईया से क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सबों का छठ महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि छठव्रतियों की सुविधा को लेकर छठ घाट सहित रिभर साईड के कॉलोनी में जमे कचरे की जेसीबी के माध्यम से बुधवार को साफ-सफाई कराई जायेगी। ताकि छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों सहित श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। श्री पांडेय ने कहा कि छठव्रतियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। जिले में नहाय खाय के साथ मंगलवार को चार दिवसीय छठ महापर्व आरंभ हो गया। इस मौके पर सभी तरफ भक्ति का माहौल है। छठ के गीतों से वातावरण गुंजायमान है।

## एक नजर में

### बदलेगा हजारीबाग का तकदीर : अजमेरा



**हजारीबाग।** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपने चुनावी दौरे के दौरान मंगलवार को हजारीबाग क्षेत्र में कई स्थानों जिसमें हुरहुरू पहुंच कर जनता से संवाद किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों से सीधे बातचीत करना और उनकी समस्याओं को सुनना था। दौरे की शुरूआत शहिद सुभाष बाला की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा हमें अपने नायकों को याद रखना चाहिए, जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। उनका योगदान हमें प्रेरित करता है। इसके बाद उन्होंने विभिन्न मंदिरों में जाकर माथा टेककर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। महिलाओं का इस दौरे में विशेष उत्साह देखने को मिला। हर्ष ने स्थानीय महिलाओं से बातचीत की, जिन्होंने बेझिझक अपने मुद्दे सामने रखे। कई महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा से संबंधित समस्याएं व्यक्त कीं। प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का अवश्य समाधान होगा और उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह चुनाव जीतने पर इन मुद्दों पर गंभीरता से काम करेंगे। प्रत्याशी ने छड़ी छाप में जनता का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान, लोगों ने एक स्वर में कहा, इस बार छड़ी है हमारा एकमात्र सहारा, बदलेगा हजारीबाग का तकदीर। यह प्रतिक्रिया दशार्ती है कि जनता में बदलाव की आकांक्षा और प्रत्याशी के प्रति समर्थन बढ़ रहा है। हर्ष अजमेरा ने कहा मेरा लक्ष्य हजारीबाग की समृद्धि और विकास के लिए काम करना है। मैं जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दूंगा और उनके सहयोग से हजारीबाग को एक नई दिशा देने का प्रयास करूंगा। दौरे के अंत में, हर्ष अजमेरा ने सभी से अपील की वे 23 नंबर की छड़ी को समर्थन दें, ताकि क्षेत्र की तकदीर को बदलने में सहायता मिल सके। उनके इस दौरे ने निश्चित रूप से स्थानीय जनता में उत्साह और समर्थन बढ़ाने का काम किया है।

### हर वर्ग का मिल रहा आशीर्वाद : आनंद सोरेन



**चरही।** मांडू विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी आनंद सोरेन ने मंगलवार को दर्जनों गांवों का दौरा किया।उन्होंने कहा कि मुझे अपने समुदाय के साथ हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के डुमरबेडा, कुंदरिया, ओरला, शिबू टोला,आरा उत्तरी, बसकुदरा,लोपोंग टांड, 20 माइल,सहित दर्जनों गाँव में जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों ने पारंपरिक अंदाज में प्रत्याशी आनंद सोरेन को स्वागत किया। आनंद सोरेन ने कहा कि जब तक बदलाव नहीं होगा,विकास संभव नहीं है। हर वर्ग का आशीर्वाद व पूर्ण समर्थन मिल रहा है। चुनाव चिन्ह कोट छाप पर बटन दबाने की अपील की है। सभा में रामजी हंसदा,जीतन हंसदा,आकाश हांसदा, कृष्ण मुर्मू, मनु हसदा, राहुल मुर्मू, प्रदीप कुमार, अजय बास्के, आकाश हेंब्रम, लालदेव मरांडी, रामू मरांडी, शिव नारायण हंसदा, अजय बेसरा, अनिल हेंब्रम, विजय लाल मरांडी, नरेश मांझी, अर्जुन मुर्मू सहित दर्जनों युवक उपस्थित थे।

### जानकी यादव के लिए कार्यकर्ताओं ने मांगा वोट



**इचाक।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी जानकी यादव के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के गांव-गांव में वोट डालने की अपील की। कहा विकास की गंगा कोई बहा सकता है तो वह जानकी यादव और हेमंत सोरेन की सरकार है। झारखंड का दुख दर्द समझने वाला कोई है तो वह हेमंत सोरेन है। भ्रमण करने वाले में मुख्य रूप से झामुमो नेता आर के मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ,मुखिया रंजीत मेहता, सिकंदर राम, पंचायत समिति विक्की धवन ,धीरू रजक, कांग्रेस नेता कैलाश मेहता, राजद के शत्रुघन राम, रामप्रवेश सिंह, दिगंबर मेहता, राजेंद्र मेहता, सुनील तलवार, गंगेश्वर मेहता, राजेश मेहता, इंद्रदेव मेहता, मोहम्मद सरफुल, कांग्रेस के लालमोहन रविदास, गोविंद मेहता, सफीक अंसारी, अनुज कुमार, पोखनाथ मेहता, मोहम्मद तसलीम, तुलसी मेहता समेत कार्यकर्ताओं ने इचाक, खुटरा, बरका, दरिया समेत कई में दौरा कर वोट डालने के अपील की।

### बटेश्वर मेहता के लिए प्रचार करेंगे ग्रामीण



**इचाक।** डुमरौन पंचायत में ग्रामीणों ने बैठक कर स्थानीय नेता बटेश्वर मेहता के पक्ष में समर्थन देते हुए संकल्प लिया कि 8 नवंबर से घर-घर डोर टु डोर जाकर ईबीएम मशीन के 14 नंबर बटन दबाकर अपना मत देते हुए भारी मतों से विजय बनाने की अपील करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राजेश मेहता, जयप्रकाश मेहता, सतीश मेहता, श्रीकांत मेहता, गुलाब मेहता, जय मेहता, गुलाब मेहता, कविराज मेहता, मंटू मेहता, घनश्याम पासवान, अनिल राम, संतोष मेहता, महेंद्र मेहता, सीताराम मेहता, मथुरा महतो, सुमित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी में मांगा वोट



हजारीबाग। हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह उनके कार्यकर्ता एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने बांझिया, शाहपुर, एदला, बसंतपुर, कटकमसांडी चौक, लखनू, मंदिर चौक हरिजन टोला, नवादा चौक, पाराटांड़ मोड़, बरगड्डा, बहिमर चौक, सारुगारु स्कूल, डांड चौक, सुलमी चौक, लुपुंग मंदिर चौक, असधीर चौक, जलमा चौक, कंचनपुर, हेदलॉग, छड़वा डैम, खुटरा चौक, रोमी चौक, पबरा चौक एवं मायापुर मंदिर का दौरा किया । जनसंपर्क अभियान में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 730000 किशोरियों को लाभान्वित होने की जानकारी दी गई इसके इलावा 38.41 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफी और मैया सम्मान योजना का सकारात्मक असर जनता की बीच देखा जा रहा है। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत जी, दौत्व मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटो खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद थे।

# चार दिवसीय महापर्व छठ को लेकर खरना आज



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। वहीं मंगलवार को नहय खाय, 6 नवम्बर को खरना, 7 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा व 8 नवम्बर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसके बाद पारण के साथ छठ पर्व संपन्न हो जायेगा। छठ पर्व को लेकर मरकच्चो में भक्ति उल्लास एवं पवित्रता का वातावरण बन गया है। मंगलवार को व्रतियों ने नहा धोकर शुद्धता के साथ चावल दाल एवं 5 तरह की सब्जियां ग्रहण की। इसके बाद पूरे परिवार के सदस्य ग्रहण किए। छठ व्रती अब बुधवार की रात महा प्रसाद चढ़ाकर खरना करेंगी। खरना का प्रसाद घर के सभी सदस्य और अगल-बगल के अन्य लोग भी ग्रहण करेंगे। वहीं गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा तथा शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायगा। वहीं दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत विभिन्न गांवों के छठ समितियों के द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं मरकच्चो के बुढ़वा आहार, फुलवारी आहार, देवगढ़ मुहल्ला में सात घोड़ों पर सवार भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित का कार्य अंतिम चरण पर है। महापर्व छठ को लेकर प्रखंड के विभिन्न मुहल्लों में आकर्षक तोरण द्वार और लाइटों की सजावट की गई है। वहीं मरकच्चो नवयुवक संघ कोटवार मोहल्ला, छठ पूजा समिति लालनगर, छठ पूजा समिति देवगढ़ मोहल्ला, अस्पताल रोड, बड़ा अखाड़ा, बाजार मोहल्ला, दरदाही सहित अन्य कई जगहों पर छठ घाटों से लेकर गांव के गली मोहल्लों में साफ-सफाई कर लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

## सूर्य मंदिर परिसर छठ घाट पर चलाया गया साफ-सफाई अभियान

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोटर डैम सूर्य मंदिर परिसर छठ घाट पर मंगलवार को छठ पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। छठ घाट में काफी खरपतवार उग आए थे, जिन्हें साफ किया गया। साफ-सफाई में समिति के सदस्यों के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी भाग लिया। शिक्षक श्यामसुंदर दांगी, शंकर दांगी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, मुकेश



कुमार, विकास कुमार, उपेंद्र दांगी, प्रभात उर्फ सोनू कुमार, कविंद्र कुमार, मंटू कुमार समेत कई ग्रामीण इस अभियान में शामिल थे। साफ-सफाई के बाद छठ घाट स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे रहा है।

## शुरू हो गया 36 घंटे का निर्जला व्रत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय के साथ महापर्व छठ पूजा की शुरूआत हो गई है। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना आज 06 नवंबर को है। इस दिन रोटी और गुड़ की खीर बनाई जाती है और जिसके घर में छठ होता है वो अपने रिश्तेदारों और जिनके घर में छठ नहीं होता उन्हें अपने घर में बुलाकर खरना का प्रसाद खिलाते हैं। खरना के बाद से छठ का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। खरना के दिन सुबह स्नान करने के बाद सूर्य भगवान को जल चढ़ाया




जाता है और इसके बाद व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत करता है।इसके बाद शाम को भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। शुक्रवार यानी 07 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और शनिवार यानी 08 नवंबर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।

# मोदी सरकार नीतीश और चंद्रबाबू नायडू के बैशाखी पर चल रहा है : गौतम सागर राणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित अशोका होटल में मंगलवार को गठबंधन दलों के नेताओं ने साझा प्रेसवार्ता किया। इस दौरान गठबंधन दलों के स्टार प्रचारक और राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि भाजपा के हिंदुत्व की राजनीति को देश की जनता ने नकार दिया है, यही कारण है कि इस बार एनडीए 240 पर सिमट गया और केंद्र की मोदी सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के बैशाखी पर चलने को मजबूर है। श्री राणा ने कहा कि कोडरमा समेत पूरे राज्य में गठबंधन की



लहर है, कोडरमा से राजद प्रत्याशी की जीत रिकार्ड मतों से होगी। वहीं योगी पर तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जब योगी उत्तरप्रदेश में भाजपा को पूरी तरह जीत दिलवा नही सके तो झारखंड में क्या जितवा पाएंगे।

श्री राणा ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में गरीबों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है, जिसका लाभ इस चुनाव में मिलने जा रहा है, झारखंड में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन दलों की सरकार बनने जा रही है। वहीं जेएमएम केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य गोपाल यादव ने कहा कि कोडरमा में परिवर्तन का लहर चल रहा है, यहां से राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव की जीत भारी मतों से होगी, यह चुनाव कोडरमा की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला साबित होगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने मंईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई फुले समृद्धि समेत कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। मौके पर जेएमएम केंद्रीय कार्य समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव, अर्जुन यादव, उमेश यादव आदि मौजूद थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने जनसमर्थन जुटाने का किया आह्वान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने मंगलवार को झुमरीतिलैया नगर और कोडरमा ग्रामीण के विभिन्न गांव का दौरा कर जनता से संवाद किया। उन्होंने मिटको कॉलोनी, भंडरवा, संग्रामडीह, चांदेड़ीह, अंबाटांड़, बिच्छिपहरी, बेकोबार, ढोंगो पहाड़ी, सोनेटाड़, बागेरटोला, खरखरो, बराडीह, बेलगढहा, डुमरडीहा, चिगलाबर, सोंदेडीह, सलाईया, सियारी, पथलडीहा, बृंदा, लरियाडीह सहित अन्य गांव में पहुंचकर चुनावी मुद्दों पर चर्चा की और लोगों से समर्थन मांगा। वहीं शालिनी गुप्ता ने कहा कि वह उनके साथ मिलकर कोडरमा की दशा और दिशा बदलने का संकल्प लें।

### कोडरमा की चुनावी सभा में झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार पर बरसे योगी आदित्यनाथ

# आलमगीर आलम की तुलना औरंगजेब से की

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** विधानसभा चुनाव को लेकर कोडरमा विधानसभा अब हॉट सीट में गिना जा रहा है। यहां पर भाजपा से डॉ. नीरा यादव दो बार विधायक रही हैं और अब तीसरी बार प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव के पक्ष में वोट करने के लिए मंगलवार को भाजपा द्वारा विशाल जन-आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन डोमचांच के सीएम. हाई स्कूल के मैदान में हुआ। इस मौके पर महिला बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा प्रत्याशी अमित यादव मौजूद रहे। योगी आदित्य नाथ की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसके लिए पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात थी। वहीं जन-सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने झारखंड के हेमंत



सोरेन की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक आलमगीर आलम था औरंगजेब जिसने देश को लूटने का काम किया और झारखंड में दूसरा आलमगीर आलम है जिसने झारखंड को लूटने का काम किया। जिसके यहां से नोटों की गड्डियां भर-भर कर निकली। आज झारखंड में बालू माफिया हो या दारू माफिया, झारखंड सरकार की संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। इन माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने कहा यूपी में भी माफिया सीना तान कर चलते थे, लेकिन 2017 के बाद बुलडोजर चलना प्रारम्भ किया, तो कितने माफिया उत्तर प्रदेश की धरती छोड़ चुके हैं, कई जेल में हैं और कुछ का राम नाम सत्य हो गया है। आज यूपी से सारा माफिया गायब हो चुका है और ऐसे गायब हुआ है जैसे गधे के सिर से सींग। इसी प्रकार झारखंड में भी यदि माफियाओं को भगाना है तो झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी होगी। झारखंड में यदि भाजपा की सरकार बनी तो आम जनता को सारी सुविधा मिलेगी। मोदी गारंटी है कि गरीबों को पक्का मकान दें, किसानों को सम्मान दें, बहन और बेटियां सुरक्षित रहे, युवाओं को रोजगार मिले। उसी प्रकार झारखंड में यदि भाजपा की सरकार आयी तो पांच गारंटी है, जिसमें लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपये में सिलेंडर और वर्ष में दो बार मुफ्त सिलेंडर मिलेगा। गो-गो दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह वित्तीय सहायता प्रदान किया जाएगा। वहीं गरीब परिवारों को पक्का घर और घर बनाने के लिए मुफ्त में बालू मिलेगा। स्नातक व स्नातकोत्तर बेरोजगार युवाओं को प्रत्येक माह 2 हजार रुपये मिलेगा। पांच साल में पांच लाख रोजगार की गारंटी होगी। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश की सुरक्षा की गारंटी देता है, महिलाओं के सम्मान व स्वावलंबन, विरासत व विकास के समन्वय और स्वाभिमान की गारंटी देता है। 2014 में जब भाजपा की सरकार बनी तो मोदी जी से पूछा गया कि देश के विकास के लिए आपका एजेंडा क्या होगा, तो उन्होंने कहा सबका साथ-सबका विकास, जिसमें हर जाति हर वर्ग के लोग शामिल हैं। देश की सुरक्षा हो या आंतरिक सुरक्षा आज भाजपा की सरकार में हमारा देश सुरक्षित है। कश्मीर से 370 धारा हटाकर कश्मीर की समस्या समाप्त की गई। आज चीन की सेनाएं पीछे हट रही हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी देश में सिर्फ गरीबों के पेट में लात मारने का काम किया गया। न बिजली, न पानी, देश में अराजकता, गंद्गी, कोई किसी को पूछता नही था। आज मोदी की सरकार में देश आगे बढ़ रहा है। 500 वर्षों के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजमान हो चुके हैं, भारतवासियों के लिए इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है। अयोध्या में आज फोर लेन सड़क है, इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, जिसका नाम महर्षि बाल्मीकि के नाम पर है। अयोध्या में विश्रामगृह बन रहा है जिसका नाम निसाद राज के नाम पर है। भोजनालय का निर्माण हो रहा है जिसका नाम माता सबरी के नाम पर है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने अयोध्या मंदिर बनने के बाद यह कहा था कि अभी तो यह शुरुआत है, मथुरा, काशी में भी यही दृश्य देखना है।

# राज्य की जनता भ्रष्ट सरकार से ऊब चुकी है, झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव ने स्थानीय वसुंधरा गार्डन में साझा प्रेसवार्ता कर भाजपा के संकल्प पत्र को जारी करते हुए कहा कि यह भाजपा की संकल्प पत्र नही बल्कि मोदी की गारंटी है, संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं, गरीबों, अभिवंचितों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों सहित सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता झांसे में आ गए



थे, परन्तु अब राज्य की जनता हेमंत सोरेन के भ्रष्ट सरकार से ऊब चुकी है, इस बार राज्य की जनता हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंक देगी और राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही संकल्प पत्र में किये गए सभी वायदों को धरातल पर उतारा जाएगा। 2 लाख 87 हजार रिक्तपदों पर पारदर्शिता पूर्वक बहाली शुरू किया जाएगा, भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लगाया जाएगा, संकल्प पत्र में उल्लेखित एक एक संकल्प को मोदी की गारंटी के रूप में धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा समेत पूरे राज्य में भाजपा की लहर है। वहीं भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह 5 वर्षों तक जनता को ठगने का काम किया गया था, हेमंत की सरकार ने राज्य की महिलाओं, गरीबों, छात्रों, किसानों, दलितों, आदिवासियों सभी को ठगने का काम किया है, मगर अब जनता जाग चुकी है, इस भ्रष्ट सरकार को इस चुनाव में राज्य की जनता करारा जवाब देगी, एनडीए की सरकार बनेगी। राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना समेत संकल्प पत्र में किये गए सभी वायदों को पूरा किया जाएगा, सहारा के जमाकर्ताओं के पैसे वापस दिलवाया जाएगा। वहीं डॉ. नीरा ने कहा कि इस चुनाव में कोडरमा की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक घर-घर नल जल योजना को पहुंचाया जाएगा, ध्वजाधारी धाम को चरणबद्ध तरीके से संवारा जाएगा, ताकि उसकी पहचान और ख्याति दूर दूर तक पहुंचे, जीरो कट बिजली, बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, रामचंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू, रवि मोदी, अशोक आर्या, राजकुमार यादव, चंद्रशेखर जोशी , दिनेश सिंह, अर्जुन यादव, बाल मुकुंद सिंह, नरेंद्र पाल आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## जिला मुख्यालय की सड़कों पर गड्ढों से परेशान लोग

**चतरा।** जिला मुख्यालय की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। गड्ढों के कारण छोटी-बड़ी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रही हैं और लोग घायल हो रहे हैं। लोगों ने उपायुक्त रमेश घोलप से सड़क में बने गड्ढों की मरम्मत करने की मांग की है।

## सिंदुआरी जंगल से चोरी का ट्रैक्टर बरामद

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मझगांवा पंचायत सिंदुवारी गांव में पुलिस ने एक चोरी के ट्रैक्टर को सिंदुआरी जंगल से बरामद किया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने सूचना मिलते ही दलबल के साथ ट्रैक्टर चोरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने सिंदूरी जंगल से एक ट्रैक्टर बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक मुखलाल गंझू के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तीन चोरों को हथियारों के साथ धर दबोचा और सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

## टाइल्स लोड बोलेरो पिकअप वाहन की चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत डूमरडीहा स्थित साई मार्बल दुकान से सोमवार की रात्रि गाड़ी संख्या जेएच12पी6185 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी। मिली जानकारी के अनुसार वाहन मालिक अरुण कुमार साह डूमरडीहा निवासी सोमवार की शाम 7 बजे अपने मार्बल टाइल्स दुकान के सामने प्रत्येक दिन की भांति अपना बोलेरो पिकअप वाहन खड़ा कर अपने घर में खाना खाकर सो गया। सुबह उठने के बाद गाड़ी नहीं देखकर इधर-उधर ढूंढने लगा। ढूंढने के बाद बोलेरो पिकअप का कहीं पता नहीं चल पाया। वही थाना में आवेदन के आलोक में कार्रवाई की जा रही है।

## छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री व टॉफी का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** व्यवसायी दीपक कुमार एवं पिंटू कुमार ने मंगलवार को अपनी माता स्व. जानकी देवी की 8वीं पुण्यतिथि पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पपाहरा एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कर्बला नगर मरकच्चो में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री व टॉफी का वितरण किया गया। व्यवसायी ने सर्वप्रथम माता स्व. जानकी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**चतरा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज, सिमरिया से उज्वल दास और चतरा से जनार्दन पासवान के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी। सिमरिया विधानसभा में 8 नवंबर को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गिद्धौर में जनसभा को संबोधित करेंगे, 9 को मयूरहंड में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और 10 नवंबर को टंडवा में मनोज तिवारी सभा को संबोधित करेंगे। चतरा विधानसभा चुनाव में 8 नवंबर को प्रतापुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मोहन यादव, 9 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और 10 नवंबर को कान्हाचट्टी में असम के सीएम हेमंत विश्व शर्मा सभा को संबोधित करेंगे।

## शतप्रतिशत मतदान के लिए वाकथान का आयोजन

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर स्वीप कोषांग के जरिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, मंगलवार को झुमरीतिलैया शहर में डीडीसी ऋतुराज के नेतृत्व में वाकथन का आयोजन किया गया, जिसमे अधिकारियों के अलावे बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के छात्रों, युवाओं और शहरवासी शामिल हुए। इस दौरान रास्ते में मिलने वाले सभी लोगों से 13 नवम्बर को होने वाले मतदान में शामिल होने और अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने की अपील की गई।

एक नजर में

## हेमंत ने की चुनावी जनसभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन के भावी विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करने टंडवा पहुंचे।हेमंत सोरेन ने कहा कि इस बार फिर से हेमंत की सरकार बनेगी और अबुआ राज, अबुआ सरकार बनेगी। उन्होंने मतदाताओं से मनोज चंद्रा की जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि मनोज चंद्रा के ऊपर दिशोम गुरु, लालू यादव, सोनिया गांधी समेत कई दिग्गजों का आशीर्वाद है। कार्यक्रम के बाद सिमरिया विधानसभा अंतर्गत गठबंधन के कई दिग्गज नेताओं ने कहा कि इस बार एक लाख से अधिक मतों से जीत होगी और फिर से हेमंत की सरकार बनेगी।

## भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास का चला जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** सिमरीया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत हुसिया पंचायत से हुई, जहाँ से दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। प्रत्याशी उज्वल ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है और लोग भाजपा प्रत्याशी को जीताकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में काफी उत्साहित हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, अश्ववनी सिंह, रामदहीन सिंह समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## दिव्यांग मतदाताओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत निवार्ची पदाधिकारी के नेतृत्व में दिव्यांग मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया।

रैली में सैकड़ों दिव्यांग मतदाताओं ने भाग लिया और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। दिव्यांग मतदाताओं ने विभिन्न स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, जैसे 'वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है', 'ना जाती पे ना धर्म पे, बटन दबेगा कर्म पे', 'लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे', 'जो विकास के काम करेंगे, वोट उसी के नाम करेंगे', 'वोट हमारा है अधिकार, कभी ना करें इसे बेकार', 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, 'चाहे नर हो या नारी, मतदान है सब की जिम्मेवारी', 'लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सब की जिम्मेवारी', 'आओ मिलकर अलख जगाए, सब मिलकर मतदान कराएं', 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता', 'लोकतंत्र हो तभी महान, सब करे जहां मतदान'।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चतरा जिले में विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (पुरुष और महिला) को 5 नवंबर, 2024 को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का पहला चरण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें पिन नंबर 341701662 से 341713868 तक के मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

दूसरा चरण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें पिन नंबर 341713869 से 341716707 तक के मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण राज्य सम्पोषित प्लस 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा में आयोजित किया गया।

## कोडरमा की पहचान मिटने नही देंगे, राजद जीता तो ढिबरा व्यवसाय होगा लीगल : राजद



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इंडिया गठबन्धन के समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में मंगलवार को मेघातरी, काराखूंट, बुच्चीटांड़, बगड़ो, बग़रीडीह, लक्षणडीह, डुमाडीह, मसमोहना, कुंडिधनवार, कटाही, निमाडीह इलाको में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क अभियान में सुभाष प्रसाद यादव की धर्मपत्नी लालती देवी और बेटी आयुषी ने कोडरमा में तरक्की और बदलाव के लिए राजद प्रत्याशी के लिए पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं धर्मपत्नी लालती देवी ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि कोडरमा की पहचान मिटने नही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ढिबरा, माइका कोडरमा की पहचान है, लेकिन केंद्र की सरकार और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों ने कोडरमा की पहचान मिटाने की कोशिश की है। उसी का नतीजा है कि ढिबरा, माइका को लीगल व्यापार नही बनाया जा सका।

# भ्रष्टाचार के फरिश्ते और बांग्लादेशी घुसपैठियों की आश्रयदाता है झामुमो, कांग्रेस और राजद की तिकड़ी : योगी

## जात-पात से ऊपर उठ कर एनडीए प्रत्याशियों को जिताने का किया आह्वान






आम बगान मैदान में एनडीए की विजय संकल्प सभा में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ प्रत्याशी पूर्णिमा साहू, मीरा मुंडा, सरयू राय, आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस समेत अन्य वरिष्ठ नेता और योगी आदित्यनाथ का अभिवादन करती पूर्णिमा साहू, सरयू राय और मीरा मुंडा तथा चुनावी हुंकार भरते आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस (सबसे दायें)।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां आम बगान मैदान में भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास, जद यू प्रत्याशी सरयू राय, पोटका प्रत्याशी श्रीमती मीरा मुंडा और जुगसलाई से आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस के समर्थन में आयोजित संयुक्त चुनावी सभा में कहा कि जात-पात में नहीं बंटना है,एकजुटता के साथ राजनीतिक ताकत दिखाइये। झारखंड में भाजपा, आजसू और जद यू के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताइये ताकि इस राज्य से घुसपैठियों को भगाया जा सके। राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी तो घर-घर खुशहाली आयेगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद का गठबंधन राज्य के विकास के लिए नहीं है बल्कि ये दल विनाश के दूत हैं, भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। यहां की सरकार ने वोट बैंक के लिए बंग्लादेशी घुसपैठियों को प्रश्रय दिया है। इसलिए झारखंड के विकास के लिए एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनावें। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) राज्य में लव जिहाद और भूमि जिहाद में लिप्त बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रवेश की अनुमति दे रहा है।

योगी ने उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए कहा कि कांवर यात्रा के दौरान पत्थरबाज यूपी में पत्थरबाजी करते थे, जब वहां भाजपा की सरकार बनी तो अफसरों ने मुझसे कहा कि यहां कांवर यात्रा निकाली जायेगी तो दंगा हो जायेगा। हमने कहा कि हो जाने दो,दो-एक बार आर या पार। उन्होंने कहा कि अब पत्थरबाज यूपी छोड़ चुके हैं या जहन्नुम की यात्रा कर चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश में पर्व त्योहार में कोई विघ्न बाधा नहीं होती है। उन्होंने जमशेदपुर के लोगों से अपील की कि एकजुटता से ताकत का एहसास कराइये,और ताकत का एहसास करायेंगे तो ये पत्थरबाज आपके लिए सड़कों पर झाड़ू लगा कर रास्ता साफ करते दिखायी देंगे। यह बजरंगी पताका हर घर में दिखायी देगी। जातियों में मत बंटिये। जाति के नाम पर बांटने वाले वहीं लोग हैं,जो जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटेंगे, और जब आप पर संकट आयेगा तो आपके साथ खड़े नहीं होंगे।

उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और भाजपा शासित राज्यों में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता का विवरण देते हुए झारखंड की जनता को आश्वस्त किया कि भाजपा ही राज्य को विकास के नए आयाम तक ले जा सकती है। श्री योगी ने विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और झारखंड के विकास में भाजपा की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

**झारखंड की स्थिति बेलगाम, एनडीए ही ठीक करेगी : सरयू राय**- जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय मंगलवार को कहा कि राज्य की स्थिति बेलगाम हो गई है। इसे एनडीए ही ठीक कर सकता है। 23 नवंबर को जब मतगणना होगी तो हेमंत सरकार नहीं, एनडीए की सरकार बनेगी। यहां आम बगान मैदान, साकची में एनडीए की साझा रैली में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने दो साल पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा था कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य का स्वास्थ्य खराब कर दिया है।

### योगी के जमशेदपुर आगमन पर कुलवंत सिंह बंटी ने किया स्वागत



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जमशेदपुर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व खादी बोर्ड सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने उन्हें गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मानित किया। सोनारी एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कुलवंत सिंह बंटी के साथ भूपेंद्र सिंह और कमलेश सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

**भाजपा ने शिवशंकर, राजकुमार, विकास और बिमल को पार्टी से निकाला :** भाजपा ने पूर्वी सिंहभूम से निर्दलीय लड़ रहे बागी शिवशंकर सिंह, विकास सिंह, बिमल बैठा और राजकुमार सिंह को अनुशासनहीनता के आरोप में छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इन नेताओं को भाजपा जमशेदपुर महानगर नेतृत्व की अनुशंसा पर किया है। बागी नेताओं में जमशेदपुर पूर्व से शिवशंकर सिंह और राजकुमार सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि विकास सिंह जमशेदपुर पश्चिम से और बिमल बैठा जुगसलाई से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि इन नेताओं ने चुनाव में पार्टी प्रत्याशी और सहयोगी दल जद यू और आजसू के खिलाफ चुनाव लड़ कर पार्टी के संविधान की धारा 25 (9) उल्लंघन करते हुए अनुशासन को भंग किया है।

### योगी की सभा में उपस्थित वरिष्ठ भाजपाई

- लक्ष्मीकांत बाजपेयी - प्रभारी झारखंड भाजपा
- करमवीर सिंह - प्रदेश संगठन महामंत्री
- विद्युतवरण महतो - सांसद, जमशेदपुर
- सरयू राय - प्रत्याशी पश्चिम जदयू
- पूर्णिमा साहू - प्रत्याशी पूर्वी
- मीरा मुण्डा - प्रत्याशी पोटका
- रामचंद्र सहिस - प्रत्याशी जुगसलाई आजसू
- सुधांशु ओझा - जिला अध्यक्ष, भाजपा
- आदित्य साहु - प्रदेश महामंत्री भाजपा
- भावना बोहरा - विधायक छतीसगढ़
- नारायण चंदेल - नेता छतीसगढ़
- चम्पाई सोरेन - पूर्व मुख्यमंत्री
- शैलेन्द्र महतो - पूर्व सांसद
- आभा महतो - पूर्व सांसद
- मेनका सरदार - पूर्व विधायक
- नंदजी प्रसाद - प्रदेश मंत्री
- अमरप्रीत सिंह काले - प्रदेश प्रवक्ता
- कन्हैया सिंह - जिला अध्यक्ष आजसू
- विश्राम प्रसाद - जिला अध्यक्ष जदयू
- सतीश सिंह - जिला अध्यक्ष लोजपा
- राकेश प्रसाद - प्रभारी पूर्वी विधानसभा
- अमिताभ सिंह बॉबी - प्रभारी पोटका
- सुबोध सिंह गुड्डु - प्रभारी जुगसलाई
- संजीव सिंह - संयोजक पूर्वी
- मुरलीधर केडिया - संयोजक पश्चिम
- अनिल मोदी - संयोजक जुगसलाई
- चन्द्र शेखर गुप्ता - संयोजक पोटका
- ब्रह्मदेव नारायण शर्मा - पूर्व जिला अध्यक्ष
- देवेन्द्र सिंह - पूर्व जिला अध्यक्ष
- अभय सिंह - पूर्व जिला अध्यक्ष
- रामबाबू तिवारी - पूर्व जिला अध्यक्ष
- बिनोद सिंह - पूर्व जिला अध्यक्ष
- चन्द्र शेखर मिश्रा - पूर्व जिला अध्यक्ष
- राजकुमार श्रीवास्तव - पूर्व जिला अध्यक्ष
- दिनेश कुमार - पूर्व जिला अध्यक्ष
- गुंजन यादव - पूर्व जिला अध्यक्ष
- नीरज सिंह - प्रदेश संयोजक, व्यावसयिक प्रकोष्ठ
- डॉ राजीव - प्रदेश संयोजक, शिक्षा प्रकोष्ठ
- राजेश शुक्ला - प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ

स्पीड न्यूज

### संजीव सरदार की धर्मपत्नी रानीता कर रही जोरदार चुनाव प्रचार

**पोटका/जादूगोड़ा।** पोटका विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार के समर्थन मे उनकी धर्मपत्नी रानीता सरदार के नेतृत्व मे मंगलवार को राजदोहा, भाटीन, हाड़तोपा, हेंसलबील, केंदमुड़ी समेत गांव मे जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान झामुमो के तीर कमान छाप पर वोट देकर संजीव सरदार को पुनः जीताने के अपील किया गया। दौरान लोगों को जानकारी देते हुये रानीता सरदार ने कहा कि संजीव सरदार पीछले पांच साल के दौरान लोगों की सेवा मे दिन-रात काम किये है। भाजपा सरकार के दौरान बेपटरी हुयी विकास को पटरी मे लाकर पोटका के अधारभुत संरचना को मजबूत करने का काम किये है, जिससे पोटका की स्थिति काफी मजबूत हुआ है। आनेवाले दिनों मे संजीव सरदार बेहतर काम करेंगे। इसलिये जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिये राज्य मे झामुमो की सरकार जरूरी है, जिसके लिये सभी से अपील है कि वह झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार को भारी मतों से विजयी बनायें। इस दौरे के दौरान पोटका के उपप्रमुख उर्मिला सामाद, मुखिया पानो सरदार, सुचित्रा सरदार, संगीता सरदार, बाघराय सोरेन, बिदेन सरदार, सावित्री हांसदा, पंसस मंजु सरदार, सुमीता महतो, काजल रक्षीत, दुलाली महतो, लीलावती गोप, किरानी महतो आदि शामिल थे।

### झारखंड में वादों की भरमार, अपने राज्य में लागू करने से कतरा रही सरकार : सुप्रिया

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत में कहा कि भाजपा जो कहती है वह कभी करती नहीं। झूठे वादे कर राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में सत्ता हासिल करने वाली भाजपा ने चुनाव से पूर्व किए गए वादे कभी पूरे नहीं किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही आ जायेंगे अच्छे दिन : अर्जुन मुंडा

- पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रेस को किया संबोधित



संवाददाता सम्मेलन में बोलते पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ दिन बाकी हैं। मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र को लेकर मीडिया को संबोधित किया। जमशेदपुर के साकची स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने के बाद राज्य की सभी समस्याओं का स्थाई समाधान निकाला जाएगा। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को भी सराहा और कहा कि देश में केवल भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो अपने संकल्प पत्र के वादों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंडवासियों के हितों की चिंता कर और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प पत्र का निर्माण किया है। संकल्प पत्र में महिला, युवा, बेरोजगार और गरीब चारों वर्गों को विशेष ध्यान रखा गया है। जनाकांक्षाओं के अनुकूल इस संकल्प पत्र को जनता के सुझावों और सुरक्षित झारखंड के लिए तैयार किया गया है। आज राज्य में महिला, युवा, बेरोजगार, किसान, बुजुर्ग आदिवासी, दलित समाज के हितों की लगातार अनदेखी हुई है। हम लोगों के बीच जाकर संकल्प पत्र की बातों को पहुंचाने का काम करेंगे और राज्य में विकास और सुशासन को संकल्पित भाजपा सरकार बनाएंगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र के घोषणाओं को विस्तारपूर्वक मीडिया से साझा किया।

### मंगल कालिंदी ने किया जनसंपर्क

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी ने मंगलवार को पटमदा के काटिन बाजार में पश्चिम बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो समेत सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पदयात्रा करते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए झामुमो को वोट देने की अपील की। इसके बाद प्रत्याशी मंगल कालिंदी ने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में स्थित काशमार, बनकुंचिया व ओड़िया पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी मंगल कालिंदी ने कहा कि भाजपा की नजर हमेशा राज्य की खनिज संपदा को लूटने में रहा है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए राज्य में झामुमो की सरकार का रहना जरूरी है।

डॉ अजय के समर्थन में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सचिन पायलट और सुप्रिया श्रीनेत ने किया रोड शो

## शासक (राजा) बनाम जनसेवक की लड़ाई है, अब जनता को निर्णय करना है : सचिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रोड शो करते सचिन पायलट। बगल में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के प्रचार के कांग्रेस के स्टार प्रचारक सह पार्टी के महासचिव सचिन पायलट और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेथ ने रोड शो कर लोगों से डॉ अजय कुमार के पक्ष में वोट करने की अपील की। सबसे पहले सचिन पायलट, सुप्रिया श्रीनेत और डॉ अजय कुमार ने साकची स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर झारखंड से भाजपा का सफाया करने का संकल्प लिया। रोड शो साकची गोलचक्कर से गुजरते हुए स्टेट माइल रोड के रास्ते रामलील मैदान, भालूबासा चौक, एग्रीको चौक, गोलमुरी हो कर आरडी टाटा चौक फिर काशीडीह चौक से गुजरते हुए जेएनएसी चौक पर रोड शो सभा मे तब्दील हो गया। इश दौरान आगे आगे हजारी की संख्या में बाइक सवार चल रहे थे। पूरे रास्ते में लोगों ने सचिन पायलेट, सुप्रिया श्रीनेत और डॉ अजय का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## पार्टी से निष्कासन दुर्भाग्यपूर्ण, जमशेदपुर पूर्वी के सम्मान से समझौता नहीं : शिव शंकर सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



जन संपर्क करते शिवशंकर सिंह।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अधिकृत भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने के कारण भाजपा से अपने निष्कासन पर शिव शंकर सिंह ने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और इसे पार्टी के प्रति लंबे समय तक समर्पित रहने वाले कार्यकर्ता के लिए अपमानजनक कहा है।

मंगलवार को प्रदेश भाजपा की ओर से जारी विधानभा चुनाव में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले 30 नेताओं के निष्कासन की सूची जारी की गई थी। शिव शंकर सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वह 35 साल से भी अधिक समय से पूरे निःस्वार्थ भाव और निष्ठा से संगठन की सेवा में तत्पर रहे और पार्टी के आदर्शों व नीतियों के अनुरूप पार्टी व संगठन को मजबूत करने का कार्य किया।

### सांसद ने निःशुल्क योग कक्षा शिविर को किया संबोधित

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने पूर्वी सिंहभूम महिला पतंजलि योग समिति तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क योग कक्षा शिविर में भाग लिया टेल्को स्थित तार कम्पनी सिटू तालाब के समीप इस शिविर में सांसद श्री महतो ने मतदान महोत्सव का प्रचार प्रसार किया। सांसद श्री महतो ने उपस्थित मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रह लोकतंत्र का महापर्व है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सबका यह कर्तव्य है कि हम बढ़ चढ़ कर इसमें भाग लें।

## नये कार्यकाल में पेयजल, पर्यटन और उच्च शिक्षा पर करेंगे फोकस : बन्ना गुप्ता

- कहा- मंईयां सम्मान योजना, मानगो फ्लाईओवर और दोमुहानी संगम के विकास के लिए सूबे में जरूरी है हेमंत सरकार की वापसी
- गुप्ता ने की मानगो, बिस्टुपुर और कदमा में पदयात्रा, मांगा समर्थन और आशीर्वाद




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने मानगो, बिस्टुपुर और कदमा में पदयात्रा कर जनसम्पर्क किया। बन्ना गुप्ता सैकड़ों लोगों से मिले और उन्हें विकास कार्यों के नाम पर वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने अपने हाथ से हैंडबील बांटते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में जितना हो सकता था, उससे ज्यादा काम करने का प्रयास किया है। प्रत्येक शनिवार और रविवार को क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सीधे सुना और सुलझाने का प्रयास किया है। सड़क, नाली, बिजली जैसी समस्याओं को बहुत हद तक ठीक कर लिया गया है। आगमी कार्यकाल में पेयजल, उच्चशिक्षा, रोजगार एवं पर्यटन विकास उनकी प्राथमिकता होगी।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि मईया सम्मान योजना के तहत हर माता बहन के खाता में 1000 महीना राशि पहुंचाया जा रहा है। दिसंबर माह से प्रतिमाह रुपये 2500 की राशि प्रदान की जायेगी। इस लाभ से जो माताएं वंचित हैं, उनको जोड़ा जायेगा। मानगो में यातायात जाम की भारी समस्या थी। विधायक चुने जाते ही जब मैंने फ्लाइ ओवर की योजना बनानी प्रारंभ की। तब सरयू राय कहने लगे कि मानगो में फ्लाइ ओवर की कोई आवश्यकता नहीं है और तकनिकी तौर पर इसका निर्माण असंभव है। जब मैंने सरकार और टाटा स्टील के हर स्तर पर प्रयास कर फ्लाइ ओवर का काम आरंभ करवा दिया, तो अब सरयू राय कहने लगे हैं कि यह इस्टीमेट घोटाला है। यानी चित भी उनकी और पट भी उनकी। असल में भगोड़ा नेता सरयू राय विकास विरोधी है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि भागना सरयू राय की फितरत है। ये पहले बक्सर से भागकर पटना गये।

# झारखंड में आदिवासी अस्मिता बचाने को कमल छाप पर बटन दबायें : चंपई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के केडुकोचा हाट मैदान में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने कहा कि तब का झामुमो अब नहीं रहा है। झामुमो में अब मान सम्मान नहीं है। साढ़े चार वर्ष में आदिवासियों के लिए झामुमो ने क्या काम किया है। पांच माह में तीन माह चुनाव में बिता दो माह मुझे मुख्यमंत्री काल में समय मिला जिसमें स्कूल में ओलचिकी पढ़ाई शुरू करने का कैबिनेट में हमने पास कर दिया था। आदिवासी भाषा को विकास करने की यह सरकार साढे चार साल में कुछ भी नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि गरीब का बेटा का उत्पाद विभाग में बहाली में मृत्यु हो गया।

सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इतिला रिपोर्ट सं. | 1. पांकी 149/ 2019 2. डालटनगंज टाउन 98/ 2016 | शून्य | शून्य |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए | शून्य | शून्य |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा) | 1. ओ/ एस 188, 171 2. ओ/ एस 188 | शून्य | शून्य |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | आचार संहिता | शून्य | शून्य |
| (ङ) | क्या आरोप विरचित किये गये हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | हां | शून्य | शून्य |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किये गये थे | 1. 07.07.2022 2. 25.07.2023 | शून्य | शून्य |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरूद्ध कोई अपील/ पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाइल किया गया है (हां या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं | शून्य | शून्य |

– देवेंद्र कुमार सिंह

सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इतिला रिपोर्ट सं. | 1. हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 116/14 2. हरिहरगंज थाना कांड संख्या 102-15 | 3. हरिहरगंज थाना कांड सं. 15/22 4. लालपुर थाना कांड सं. 201/2021 | 5. अम्बा थाना कांड सं. 220/2022 |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | 1. जीआर 2658/21 एमपी-एमएलए कोर्ट 2. जीआर 1706/20 एसी जेएम डालटनगंज पलामू | 3. एफएफ चार्जशीट भी प्रत्याशा में 4. जीआर 2725/23 एमपी-एमएलए कोर्ट रांची | विचारण हेतु चार्जशीट की प्रत्याशा में |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा) | 1. 143, 341, 353, 355, 290, 504, 5069 पीसी 2. 341, 342, 504, 506 / 349 पीसी | 3. 147, 341, 353, 355, 290, 504, 5069 पीसी 4. 147, 149, 145, 341 342, 353, 196, 188, 504, 506 पीसी | 147, 143, 149, 341, 342, 353, 186, 189, 504, 506 |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | 1. विधि विरुद्ध जमाव के सदस्य सरकारी अधिकारी के आदेश का उल्लंघन 2. सूचक को गाली गलौज अपमानित करना | 3. परिवादी को गाली गलौज अपमानित करना 4. सरकारी कामकाज में बाधा | सरकारी काम में बाधा |
| (ङ) | क्या आरोप विरचित किये गये हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | 1. हां 2. नहीं | 3. नहीं 4. नहीं | नहीं |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किये गये थे | 1. 9.9.18 2. शून्य | शून्य | शून्य |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरूद्ध कोई अपील/ पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाइल किया गया है (हां या नहीं का उल्लेख करें) | शून्य | शून्य | शून्य |

– कुशवाहा शिवपूजन मेहता

## स्पीड न्यूज

### छठ व्रतियों के बीच आज रेड़मा टिंबर परिसर से बंटेगी आम की लकड़ियां



**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा दो नंबर टाउन रोड स्थित जायसवाल टिंबर परिसर में छठव्रतियों के बीच छह नवंबर को 10 बजे से आम की सूखी लकड़ियों का वितरण होना है। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण जायसवाल ने बताया कि अब उनका आरा मशीन (जायसवाल टिंबर) रेलवे की जमीन से हटाकर रांची रोड रेडमा 2 नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में शिफ्ट हो गया है। पिछले वर्ष भी उसी परिसर से लकड़ियां बांटी गयी थी। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल एवं डाली बाजार मुखिया पूनम जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष नये परिसर से आम की लकड़ी बांटने का निर्णय लिया गया है।

### पुष्पा ने पंडवा-पाटन में किया जनसंपर्क



**पाटन पलामू।** भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने अपने समर्थकों के साथ पंडवा व पाटन प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज किया। उन्होंने पड़वा मंडल के गोलहना, सखुआ, सिक्का, गड़ेरियाडीह, कठौतिया, दुष्यानी, लोहड़ा समेत दर्जनों गांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान हेमंत सरकार की काली करतूतों का जनता के सामने खुलासा किया। साथ ही अपने कार्यकाल के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। विश्वनाथ राम की धर्म पत्नी (दुश्यानी लोहड़ा) की मौत की खबर सुन उनके घर पहुंच शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मौके पर राकेश पांडेय, यमुना सिंह, बशिष्ठ मेहता, राजीव रंजन उपाध्याय, राजू सिंह, ओम मेहता, रमाकांत मेहता, सतेंद्र मेहता, नागेश्वर सिंह आदि मौजूद थे।

### आसेहार के ग्रामीण देंगे विनोद को वोट



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने पांकी के निर्दलीय विधायक प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा को समर्थन दिया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि हम सभी बिनोद सिन्हा के साथ हैं और सिलाई मशीन छाप पर बटन दबाकर उन्हें जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगायेंगे। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं।

### सदर प्रखंड में निवर्तमान विधायक ने किये हैं कई विकास कार्य : आरपी सिंह



**मेदिनीनगर।** आरपी सिंह के नेतृत्व में सदर प्रखंड के सुआ बिंदुआ टोला के सैकड़ों समर्थक भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया के समर्थन में आगे आये हैं। मौके पर संटु चौरसिया, अजय चौधरी, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सुबोध विश्वकर्मा, संतोष प्रसाद साव, बोस ठाकुर, गुड्डू सिंघम, आलोक सिंह, भानु प्रताप सिंह, सियाराम सिंह, विशाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल मेहता समेत कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने को लेकर जनसंपर्क किया। आरपी सिंह ने कहा कि निवर्तमान विधायक आलोक चौरसिया का कार्यकाल बेहतर रहा है। इसे देखते हुए नौजवान श्री चौरसिया के पक्ष में मतदान करेंगे।

### मौका दें, सभी कार्य पूर्ण होंगे : दिलीप



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विस क्षेत्र के बारालोटा, गुरियाही, जनकपुरी, चैनपुर, नेउरा, तालापारा, चढ़नवा, खजुरिया इत्यादि दर्जनों गांवों का निर्दलीय प्रत्याशी युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने तूफानी दौरा किया। दिलीप ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि आप मुझे भी पांच वर्ष के लिए मौका दें। विकास के जो भी काम रुके हुए हैं उन्हें पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार आप अपना विधायक चुनने में कोई गलती नहीं कीजियेगा नहीं तो फिर आपको 5 साल विकास के लिए इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने 13 को क्रम संख्या 15 पर सिलाई मशीन का बटन दबाने का आग्रह किया। मौके पर उनके समर्थक मौजूद थे।

### बीडी प्रसाद ने मांगा जनता का समर्थन



**मेदिनीनगर।** कांडी प्रखंड के सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज के सामने विशाल जनसभा की, जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। कहा कि मेरा एकमात्र उद्देश्य है कि मैं अपने समाज के अधिकारों के लिए लड़ सकूं। अगर आप सबका साथ मिला, तो मैं एससी, एसटी और ओबीसी के हक और अधिकार के लिए विधानसभा में मजबूती से आवाज उठाऊंगा।

### भाजपा प्रत्याशी आलोक ने मांगी मदद



**चैनपुर/मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के सैकड़ों गांवों में जन–संपर्क कर लोगों से मदद मांगी। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल के विकास कार्यों का उल्लेख कर अपने पक्ष में समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। श्री चौरसिया ने घर–घर जाकर लोगों से मुलाकात की।

# नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोक आस्था का प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाय के साथ मंगलवार से शुरू हो गया है। बुधवार को खरना और गुरुवार को अस्तचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया जायेगा। शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा। जिलें के अंचलिक व शहरी क्षेत्रों मे छठ महापर्व की धूम है। चहुओर बज रहे छठ गीत से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इधर, पिछले कई वर्षो से लगातार छठ महापर्व का व्रत कर रही पलामू एसपी रीश्मा रमेशन ने इस बार पलामू एसपी आवास से ही पूरी नेम निष्ठा के साथ नहाय खाय किया। विधानसभा चुनाव की अति व्यस्तता के वावजूद एसपी श्रीमती रमेशन ने व्रत करने का निर्णय लिया। एसपी श्रीमती रमेशन ने बताया की होने दायित्व व जिम्मेवारी का समुचित निर्वहन करते हुए व्रत भी पूरा हो जायेगा। इधर चार दिनों तक चलनेवाले इस महापर्व को लेकर आस्था का माहौल उमड़ रहा है।

- नेम निष्ठा के साथ एसपी रीश्मा रमेशन ने किया व्रत का शुभारंभ
- छठ पर्व को लेकर उमड़ रही है आस्था का माहौल



### छठ को लेकर घाटों पर की गयी विशेष तैयारी

छठ को लेकर जगह-जगह पर विशेष तैयारियां की गयी है। छठव्रतियों के लिए कोयल तट किनारे चित्रगुप्त घाट, गिरिवर स्कूल घाट, अग्रवाल क्लब घाट, टाउन हॉल घाट, अग्रसेन भवन घाट, शिवाला रोड घाट, पंपूकल सूर्य मंदिर घाट, हमीदगंज का सूर्य मंदिर घाट की सफाई कर पूजा के लिए तैयार किया गया। इधर छठ पूजा को लेकर नीलांबर पीतांबर प्रखंड में लोगों का उत्साह देखा जा रहा है। व्रती जलस्रोत में स्नान कर भगवान सूर्य को जल दिया। इसके बाद अपने घर आकर चावल व लौकी की सब्जी भोजन किया। छठ पर्व में सभी जलाशयों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**विधानसभा चुनाव : सांसद समेत भाजपा नेताओं ने जारी किया संकल्प पत्र**

# भाजपा के संकल्प पत्र से बदलेगी झारखंड की तस्वीर : बीडी राम





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद बिष्णुदयाल राम व यूपी के नरेंद्रमणि त्रिपाठी, प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रियतम, श्यामनारायण दूबे ने विधानसभा चुनाव को लेकर संकल्प पत्र जारी किया है। प्रेस वार्ता में सांसद ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि यह संकल्प पत्र से झारखंड की तस्वीर बदलेगी।

- पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी समेत सभी अनुबंधकर्मी होंगे नियमित

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 25 संकल्प का घोषणा की है। कहा कि झारखंड के 65 हजार पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी समेत सभी अनुबंधकर्मी की सेवा नियमित की जायेगी। सहारा इंडिया के निवेशकों का जमा पैसा वापस कराया जायेगा। सांसद ने कहा कि गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड की हर महिला को 2100 प्रति माह सालाना 25 हजार दिये जायेंगे। लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी परिवारों को 500 रूपये में गैस सिलेंडर और साल में दो निःशुल्क सिलेंडर प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पलामू सहित झारखंड के स्नातक व स्नातकोत्तर युवाओं को दो साल तक प्रति माह दो हजार रुपये युवा साथी भत्ता दिया जायेगा।

**पांकी विधायक ने कार्यकर्ताओं संग बाइक से भ्रमण कर किया जनसंपर्क**

# पांकी विस की जनता विकास के लिए करेगी मतदान: डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**




साइकिल रैली में शामिल भाजपा प्रत्याशी डॉ शशिभूषण।

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण जनता से जनसंपर्क कार्यक्रम पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी में ग्राम पंचायत सगालिम के पिरी मोड़, परसिया, सगालिम, आसेहार, टेढ़ी टोला, छोटकी आसेहार, होटाई के भंवरदह, बनई, सालमदिरी, कुसड़ी, हुरलौंग गोगाड़ सुड़ी, सगालिम, महुंगाई, भांग जैसे विभिन्न गांवों में जाकर जनसंपर्क किया। डॉ मेहता कार्यकर्ताओं के साथ बाइक पर सवार होकर क्षेत्र का भ्रमण किया। मौके पर उन्होंने जनता की समस्या सुनकर समाधान किया और क्रम संख्या एक पर कमल फूल छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि इस पांकी विस क्षेत्र की जनता जाति धर्म समुदाय से उपर उठकर भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी। मौके पर बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, सगालिम पंचायत के मुखिया सुनील प्रजापति, विरेन्द्र वर्मा, विजय सिंह, संजीत कुमार चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, दिलीप साव, राकेश मेहता, लड्डू चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, निर्मल मेहता, सुनील कुशवाहा, समाजसेवी कमेश यादव, दिलीप मेहता, राजदेव सिंह, ललित मेहता, अमित शर्मा, विरेंद्र कुमार यादव, सुधीर तिवारी, प्रविण कुमार सिंह, श्रीकांत सिंह, उमेश सिंह, चंदन सिंह, संतोष चंद्रवंशी, पिंटू साव, सतनारायण यादव, ओमप्रकाश सिंह, मिडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू एवं हजारों समर्थक उपस्थित थे।

# क्षेत्र के समुचित विकास के लिए बदलाव जरूरी : केएन त्रिपाठी

- डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ने सतबरवा प्रखंड क्षेत्र का किया सघन दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सतबरवा प्रखंड का दौरा कर लोगों से वोट की अपील करते त्रिपाठी।

**सतबरवा।** डालटनगंज विस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के पोंची, हलुमाड़, ताबर, सतबरवा, दुलसुलमा, रामघाट तथा मुरमा गांव का दौरा कर मतदाताओं से अपना चुनाव चिह्न पंजा छाप पर बटन दबाकर वोट देने की अपील किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि कुशल नेतृत्व नहीं होने के कारण पिछले 10 सालों में क्षेत्र का विकास कार्य धीमा पड़ा है जिसके कारण क्षेत्र की जनता अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रही है। चुनाव आते ही बहरूपिए जाति, धर्म तथा समुदाय के नाम पर वोट मांगने का कार्य में जुट गये है। वैसे नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि डाल्टनगंज विस क्षेत्र के समुचित विकास के लिए बदलाव जरूरी है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। रोजगार, नौकरी, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आपका हर एक वोट पंजा छाप के निशान पर होनी चाहिए ताकि खेतों में हरियाली तथा घरों में खुशहाली आ सके। मौके पर राजकुमार यादव, गिरवर राम, ब्रह्मदेव सिंह, कमलेश प्रसाद, मनोज कुमार, विवेक त्रिपाठी, रोशन कुमार बिद्धु, योगेंद्र भुइयां, रामाशीष सिंह, निर्मल सिंह, आलमगीर आलम, शाहनवाज खान, दीपक चंद्रवंशी, संजय मेहता, रविंद्र राम भी थे।

# भगवान भास्कर की कृपा हमारे शहर पर बनी रहे : अरुणा शंकर

- मतदान महापर्व में भी ज्यादा मतदान हेतु युवा व समाजसेवी संगठन भागीदारी निभायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**





छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री बांटतीं और लोगों का उत्साह बढ़ातीं प्रथम महापौर।

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोयल रिवर फ्रंट के गंगा आरती मंच पर हजारों छठ व्रतयो को सूप, नारियल, आम की लकड़ी, गुड एवं पूजा सामग्री वितरण किया। इससे पहले प्रथम महापौर चैनपुर के महान क्लब द्वारा वितरित किये जा रहे पूजा सामग्री कार्यक्रम में जाकर प्रसाद वितरण करते हुए सभी व्रतियों से आशीर्वाद ली। इसके उपरांत कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच पर हजारों लोगों को छठ सामग्री वितरण करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि मैं भगवान सूर्य से अपने परिवार एवं मेदिनी नगर की देवतुल्य जनता हेतु सुख शांति और समृद्धि के लिए भगवान भास्कर से प्रार्थना करती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज से हम हिंदुओं का महापर्व छठ प्रारंभ हो गया है। हर जगह अपने-अपने स्तर से कई समाजसेवी सेवा देने की तैयारी कर रहे हैं। लायंस क्लब द्वारा अमानत घाट में तैयारी की जा रही है। वहीं चेंबर द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर गंगा आरती एवं दूध, दातून की व्यवस्था की गयी है। कई समाजसेवी संगठन रोड की सफाई में जुटे हैं। वही मेदिनीनगर निगम के कर्मी पूरे शहर की सफाई और नदी की सुरक्षा में लगे हैं जो बधाई के पात्र है।

**खास बातें :** श्रीमती शंकर ने कहा कि इस पर्व के साथ 13 नवंबर को हमारे राज्य का महापर्व है जिसमें मतदान कर एक स्वच्छ सरकार बनानी है जिसके लिए ज्यादा मतदान अनिवार्य है। उन्होंने जन-जन से अपील की है कि खासकर नयी पीढ़ी से वह अपना मतदान पहले करने के साथ-साथ घर के बुजुर्गों का भी मतदान करायें, ताकि हमारे राज्य में भी एक स्थायी सरकार बन सके। मौके पर चेंबर के सदस्य कृष्ण अग्रवाल, चेंबर के रीजनल वाइस प्रेसिडेंट रिंकू दुबे, राकेश कुमार, व्यवस्थापक प्रेम जायसवाल भी थे।

### रोटरी स्कूल चैनपुर का प्रांगण छठ गीत से गुंजायमान



**मेदिनीनगर/चैनपुर।** रोटरी स्कूल चैनपुर के प्रांगण में प्रात: प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने लोक आस्था का महापर्व छठ की झांकी एवं गीतों से बच्चों ने भगवान भास्कर एवं छठी मैया को याद कर सभी के लिए गीत के माध्यम से आशीष मांगी ताकि परिवार, समाज एवं देश खुशहाल एवं समृद्ध रहे। मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं नम्रता पांडे, हर्ष बाला एवं प्रियांशु कश्यप ने विद्यार्थियों में इस पर्व पर रखने वाली सावधानियां एवं महत्व की जानकारी देकर आयोजन में मुख्य भूमिका निभायी। चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने इस महापर्व पर सभी कर्मचारी एवं अविभावकों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य अश्लेष पांडे ने प्रार्थना सभा में बताया कि यह एक पर्व ही नहीं, हिंदुओं, सनातनियों के लिए महापर्व है जिसमें सभी की आस्था छिपी हुई है। मौके पर उप प्राचार्य सत्येंद्र प्रसाद, काउंसलर पूनम कुमारी, समन्वयक स्मिता सिंह, नम्रता पांडे, हर्ष बाला, उमाकांत मिश्रा, एसबीपी गुप्ता, राहुल भारद्वाज, रंजीत कुमार थे।

### बिश्रामपुर में भाजपा की होगी हैट्रिक जीत, सभी लोगों का मिल रहा है अपार समर्थन : नूतन रानी



**बिश्रामपुर पलामू।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की पुत्रवधू नूतन रानी ने भाजपा की महिला नेत्रियों के साथ मंगलवार को बिश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत के सभी गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क चलाया। इस दौरान नूतन ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी के लिए समर्थन मांगा। नूतन ने बताया कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिश्रामपुर को सुंदर और बेहतर बिश्रामपुर बनाने में दिन रात एक की है। देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व देश का विकास हो रही है। बिश्रामपुर में स्वास्थ्य और शिक्षा में भी बेहतर काम हो रहा हैं,ताकि शिक्षा से ही विकास की गति और तेज हो पाये। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया, सभी नदी नालों पर पुल पुलिया बनवाया। विकास की गति को बरकरार रखने के लिए आप सभी भाजपा को समर्थन दें ताकि इस बार विकास और तेज रफ्तार से हो सके। उन्होंने इस बार हैट्रिक जीत की बात कही। मौके पर बघमनवा मुखिया मंजू देवी, मनीष कुमार, राजन पांडेय, राजन मिश्रा, पुष्पा रानी, नीलम केशरी, गायत्री कुमारी, अंजली केशरी मौजूद थे।

# भाजपा की विचारधारा से प्रभावित ग्रामीण भाजपा में हो रहे शामिल : रामचंद्र चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर पलामू।** बिश्रामपुर विस क्षेत्र के निवर्तमान भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं से कमल निशान पर वोटिंग की अपील कर रहे हैं। वे मंगलवार को गुरी, टोना, जरका, अमवा अटरीया व तोलरा गांव में पूर्व मुखिया श्यामा देवी, जगन्नाथ तिवारी डीलर व योगेंद्र तिवारी के यहां पहुंचे। श्री चंद्रवंशी ने मतदाताओं से कमल निशान पर मतदान की अपील की। मतदाताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से कमल का बटन दबेगा। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में जनसंपर्क करने पहुंच रहे हैं, मतदाताओं का अपार समर्थन मिल रहा है। भाजपा की विचारधारा से प्रभावित सैकड़ों ग्रामीण भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विश्रामपुर विस के हर क्षेत्र की जनता संकल्प के साथ उन्हें तीसरी बार विधायक बनाकर विधानसभा भेजने का संकल्प ले रहे हैं। उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं है।

# रोजगार का हब बनेगा पलामू का विश्रामपुर विस क्षेत्र : अंजू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- नावा बाजार का ग्रेफाइट फैक्ट्री व राजहरा कोलियरी खोलवाकर हजारों स्थानीय युवाओं को देंगे रोजगार
- सपा प्रत्याशी अंजू सिंह ने विश्रामपुर विस क्षेत्र के नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा, ग्रामीणों के साथ की बैठक



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी अंजू सिंह का जनसंपर्क अभियान तेजी से चल रहा है। अंजू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ विश्रामपुर विस क्षेत्र के नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव-पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने मतदान दिवस 13 नवंबर को अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और साइकिल छाप पर इवीएम का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनायें। कहा कि जनता का आशीर्वाद मिले तो वे विकास के पैमाने पर विश्रामपुर को बदलकर रखेंगी। क्षेत्र का कायाकल्प हो जायेगा। विश्रामपुर विस क्षेत्र रोजगार का हब बनेगा।

# सनातन के लिए मेरा जीवन पूर्ण समर्पित है : गुरु पांडेय



- विभिन्न मंदिर समिति के आमंत्रण पर पहुंचे लेस्लीगंज ठाकुरबाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म के कार्य के लिए उनका यह जीवन समर्पित है और वह पूरी युवा वाहिनी टीम के साथ तन मन धन से कार्य कर रहे हैं। वे सोमवार को लेस्लीगंज झारखंड सशस्त्र पुलिस मुख्यालय के बगल में स्थित को ठाकुरबाड़ी प्रांगण में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कई मंदिर समिति बहुत दिन से मंदिर के प्रांगण में आने का आमंत्रण दिया था। इसी कड़ी में वह सर्वप्रथम ठाकुरबाड़ी मंदिर में राम दरबार का दर्शन कर पूजन किया। उन्होंने इस मंदिर परिसर के विकास में समिति के स्तर के प्रस्ताव पर सहयोग की बात कही। इसके पूर्व मंदिर और सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने उनको फूल माला, पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया।

# निर्मल रसना ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के नगर निगम मेदिनीनगर के हमीदगंज में निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में उनकी पत्नी निर्मल रसना नामधारी ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। आज भी क्षेत्र में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल पुलिया का आभाव है। ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधा से वंचित है। इनका कोई सुननेवाला नहीं है। लोगों का काम सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत दिये नहीं होता है। उन्होंने लोगों से 13 नवंबर को क्रमांक 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाने की अपील की। मौके पर कई लोग शामिल थे।



### पूर्व स्पीकर ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**मेदिनीनगर/चैनपुर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा, कोल्हुआ, चेड़ाबार, केकतुआ, बोकेया, पतरिया, रामपुर इत्यादि गांवों में झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। कहा कि क्षेत्र की जनता विकास कार्य करनेवाले, सुख दुख में साथ देने वाले योग्य व कर्मठ प्रत्याशी का चयन करें। उन्होंने लोगों से कहा कि 13 नवम्बर को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को भारी मतों से विजयी बनायें।

# कल्पना पर हिमंता की टिप्पणी बेहद निंदनीय : अभिषेक सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता अभिषेक सिंह ने असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमंता बिस्वा सरमा के हालिया बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त किया है। श्री सिंह ने कहा है कि श्री सरमा का यह बयान न केवल झारखंड की महिलाओं का, बल्कि पूरे राज्य का अपमान है। कल्पना सोरेन सिर्फ एक नाम नहीं हैं वे झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और गौरव का प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व महिला सशक्तिकरण और समाज में समानता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने हिमंता बिस्वा सरमा से इस गैरजिम्मेदाराना बयान पर तत्काल माफी की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि कल्पना सोरेन झारखंड की शान और झारखंड के उन आदिवासी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें समाज के हर वर्ग के लिए समानता, सम्मान और अधिकारों की बात की गयी है। झारखंड की मातृशक्ति ने हमेशा संघर्ष का नेतृत्व किया है और समाज में महिलाओं के लिए नयी राहें बनायी हैं।

# जनसभा में उमड़ा सैलाब, ब्रह्मदेव ने मांगा जनता का समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते ब्रह्मदेव प्रसाद।

**कांडी।** प्रखंड के सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज के सामने मंगलवार को विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। सभा में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति के साथ पूरा माहौल जनसैलाब में तब्दील हो गयझं अपने ओजस्वी भाषण में ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि मेरा एकमात्र उद्देश्य है कि मैं अपने समाज के अधिकारों के लिए लड़ सकूं। अगर आप सबका साथ मिला, तो मैं एससी, एसटी और ओबीसी के हक और अधिकार के लिए विधानसभा में मजबूती से आवाज उठाऊंगा। उन्होंने जनता से अपील की, 'यह चुनाव एक बेटे और भाई के रूप में आपका समर्थन मांगता है'। सभी घरों में टॉर्च जलाएं और बैटरी टॉर्च छाप पर अपना मत देकर इस संघर्ष को आगे बढ़ाएं। ब्रह्मदेव प्रसाद के इस जोशीले अभिभाषण से जनता में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। सभा में मौजूद लोगों ने नारेबाजी करते हुए अपने समर्थन का भरोसा दिलाया और क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# बीडीओ ने किया छठ घाट स्थल का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण करते बीडीओ।

**धुरकी।** प्रखंड तथा सगमा क्षेत्र में लोक आस्था के पर्व छठ महापर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। धुरकी सह सगमा बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने मंगलवार को विभिन्न समितियां, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाटों की सफाई करने के लिए स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ सह सीओ ने घाट के चारों ओर सफाई कर इसे छठ महापर्व के लिए पूरी तरह तैयार करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कचरा हटाने के साथ-साथ पानी की निकासी की भी व्यवस्था करने की बात कही। ताकि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने इस सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पुण्य के भागी बनने की बात कही। सफाई अभियान में शामिल लोगों का कहना है कि छठ महापर्व हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए वे पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। गांव के लोगों का मानना है कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयास से न केवल स्वच्छता बनी रहती है, बल्कि सामुदायिक भावना और आपसी भाईचारे को भी बल मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे घाट की स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण अभियान में कटहर कला मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, सोना महतो, बीरबल मेहता, जयनाथ उरांव, जगमानी देवी, अंचल गार्ड श्रवण राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सेवामुक्त चैकीदार की मौत

**रमना।** पंचायत के रामगढ़ निवासी मड़वनिया पंचायत के 45 वर्षीय चैकीदार नंदेश्वर राम (भिरगु) की मौत इलाज के क्रम में वंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल में हो गयी। जानकारी के अनुसार नंदेश्वर राम 2008 से ही चैकीदारी कर रहे थे। 2010 में चैकीदार के पद पर बहाल हुए थे इसके बाद उच्च न्यायालय का हवाला देकर वर्ष 2016 में चैकीदारों को सेवामुक्त कर दिया गया था। जिसमे वो भी शामिल था। कुछ वर्षो तक जैसे-तैसे जिंदगी की गाड़ी चलती रही, नौकरी के लिए न्यायालय और माननीयों के चक्कर लगाते-लगाते सारा जमापूंजी खत्म हो गया और गत वर्षो से आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से ग्रसित थे, बाहर जाकर मजदूरी भी किये लेकिन स्वास्थ्य ने साथ नहीं दिया और बीमार हो गये। मौके पर विरंची पासवान, जसवंत पासवान, गोपाल राम, मुन्ना राम, धर्मेंद्र पासवान, मंतोष पासवान, भोला चैकीदार आदि उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के आरोप में 6 लोगों पर प्राथमिकी

**मझिआंव।** बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मझिआंव थाना क्षेत्र में सहायक विधुत कनीय अभियंता कमल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में बिभाग ने थाना में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत सहायक अभियंता कमल कुमार गुप्ता ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में मेरे अलावा विद्युत कर्मी जितेंद्र कुमार पासवान, मानव दिवस कर्मी राम अवतार चैधरी, सुनील यादव, ओमप्रकाश राम, राजेश कुमार रवि शामिल थे। इस दौरान करमडीह गांव के जोगीवीर टोला निवासी सुखाड़ी अंसारी के पुत्र अलीम अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी के पुत्र आरिफ अंसारी, सितारुद्दीन अंसारी के पुत्र नासिर हुसैन अंसारी, भुसुआ गांव निवासी स्वर्गीय इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र सद्दाम अंसारी, यार मोहम्मद अंसारी के पुत्र हाफिज अंसारी और बिरबंधा गांव निवासी बुधन चैधरी के पुत्र मुनेश्वर चैधरी को बिजली चोरी के आरोप में क्षतिपूर्ति राशि सहित बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस दौरान कमल कुमार गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सरकार के द्वारा 200 यूनिट बिजली फ्री दिया जा रहा है, लोग बिजली चोरी नहीं करें।

# छठ घाट की सफाई करने के दौरान 6 लोग गंगा में डूबे, तीन बच्चों की मौत

**एजेंसी**



**भागलपुर।** जिले के एकचारी थाना क्षेत्र के मोहनपुर दियरा में मंगलवार को छठ घाट की साफ सफाई कर रहे छह लोग गंगा में डूब गए। इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोगों को स्थानीय लोगों के मदद से सुरक्षित गंगा नदी से बाहर निकाल लिया गया है।

घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ छठ घाट पर जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों का शव को गंगा घाट से बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोग छठ घाट की साफ सफाई कर रहे थे। इस दौरान एक बच्चा गहरे पानी में चला गया। जिसको बचाने में एक-एक कर 6 बच्चे डूब गए। जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं।

मरने वाले की पहचान मौसम कुमारी (15), जीतन कुमार और आशुतोष कुमार शामिल है। यह सभी बच्चे एक ही परिवार के सदस्य हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जीतन कुमार अपने फुआ मौसम कुमारी के घर आया था। वह बड़ी मोहनपुर घाट पर साफ सफाई करने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हालांकि घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है की बड़ी मोहनपुर घाट खतरनाक है। लेकिन प्रशासन के तरफ से किसी भी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं कराया गया है। ना ही घाट पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे हैं।

## एक नजर में

### राजद प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील

**कांडी।** विधानसभा चुनाव अंतर्गत विश्रामपुर क्षेत्र से राजद उम्मीदवार नरेश प्रसाद सिंह को विजय दिलाने की अपील की गई है। क्षत्रिय करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा है कि एक तरफ चुने गए जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। दूसरी तरफ नरेश प्रसाद सिंह हैं जो किसी पंचायत के वार्ड सदस्य तक नहीं हैं। बावजूद इसके उन्होंने पिछले 10 वर्षों से विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विश्रामपुर, पांडू, नावा बाजार, ऊंटारी रोड, मझिआंव, कांडी एवं बरडीहा – सभी सात प्रखंडों में निजी कमाई के करोड़ों रुपए खर्च करके विकास कार्य एवं जनकल्याण के कार्य कराए हैं। क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किए जाने को लेकर जांचे परखे हुए प्रत्याशी को ही विजयी बनाना श्रेयस्कर होगा। उन्होंने सभी वर्ग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 13 नवंबर को लालटेन छाप पर बटन दबाकर राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह को भारी मतों से विजयी बनावें।

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भोजन का वितरण




वितरण करते संस्था के सदस्य।

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान मे शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप 49वें सप्ताह जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया। मौके पर टंडवा निवासी अभिषेक गुप्ता ने कहा कि मैं बहुत दिनों ने अपने जन्मदिन का इंतजार कर रहा था, ताकि फूड फॉर हंगर के इस प्रोजेक्ट के तहत सोशल वर्कर संस्था के बैनर तले जरूरतमन्दो की सेवा कर सकूं। जरूरतमंदो की सेवा कर खुद के मन को काफी प्रफुलित महसूस किया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा की युवाओं और व्यवसायियों के साथ हमारी समाज के जागरूक महिलाये और बहने भी समाजसेवा में काफी योगदान दे रही है। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, बाला केशरी, शुभम गुप्ता, यश गुप्ता, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में 1200 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित

**गढ़वा।** छठ महापर्व को लेकर मंगलवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 1200 छठ व्रतियों के बीच में पूजन सामग्री का वितरण किया गया। बाबा प्रियदर्शी बाबा के सानिध्य एवं उनके मार्गदर्शन में पूजन सामग्री का वितरण बाबा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति एमके सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान करीब 1206 व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरण किया गया।

# पूर्व मंत्री ने निकाली बाईक रैली



बाईक रैली में गिरिनाथ सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को विषाल बाईक रैली निकाली गई। मेराल प्रखंड के लिए निकाली गई रैली की शुरूआत गढ़वा के कर्बला ऊंचरी के मैदान से की गई। रैली गढ़वा मेन रोड़ होते हुए लगमा, करकोमा, हासनदाग, कजराठ, देवगाना, गेरुआ, बाना, जगदीश मोड़, रेजो, लातदाग, पढुआ, पतहरिया, रजबंधा, बंका, रझारा, नेनुआ, विकताम हो होते हुए गुजरी। पूर्व मंत्री की रैली में आए लोगों ने एक सुर में गिरिनाथ सिंह को प्रचंड बहुमत से जीताने का वादा किया। इससे पहले पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह को कार्यकर्ताओ ने फूल माला के साथ स्वागत किया। बाईक रैली में मेराल प्रखंड के सभी पंचायतो के पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रमुख अपने अपने टीम के साथ शामिल हुए। मौके पर मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष दुःखन चैधरी, मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष रामाधार राम, कार्यक्रम प्रभारी अवध सिंह, सुनील चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# छापामारी अभियान में देसी बंदूक व कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पुलिस निरीक्षक।

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अरसली दक्षिणी के लेवानगर टोला में पुलिस ने सोमवार की रात छापामारी कर रूपनारायण भुइयां के घर से अवैध देशी बंदूक और कारतूस बरामद करते हुए रूपनारायण भुइयां को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के लेवानगर टोला में गांव के लोगो के बीच अपना वर्चस्व बनाए रखने के उद्वेश्य से टोला के एक घर में अवैध रूप से देशी बंदूक और कारतूस छुपा कर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लेवानगर टोला के उस घर में सर्च अभियान के दौरान पुलिस को एक 12 बोर के सिंगल बैरल देशी बंदूक तथा बारह बोर का 3 जिंदा कारतूस व 3 खाली खोखा को बरामद करते हुए अभियुक्त रूपनारायण भुइयां पिता स्व. बुधु भुइयां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार सिंह, हवलदार सुभाष पूर्ति, पुटूल कुमार, संजय कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र का आधार है मतदान: निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते निदेशक।

**गढ़वा।** आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत मतदान की महत्ता पर परिचर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। मतदाता जागरूकता अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। यह अभियान लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करता है और उन्हें वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करता है।उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और निर्णय के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह उन्हें सही निर्णय लेने में मदद करता है और सोच समझकर वोट डालने के महत्व को समझाता है। सही मतदान से मानवाधिकारों की रक्षा और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। मतदान करना किसी भी लोकतंत्र में नागरिक का अधिकार ही नहीं बल्कि संविधान द्वारा दिया गया मौलिक और नैतिक कर्तव्य और अधिकार भी है। अतः चुनाव के समय की गई घोषणाओं को ही उसे सामने नहीं रखना चाहिए, बल्कि निर-क्षीर विवेक से काम लेकर उपयुक्त, ईमानदार और जनहित के लिए प्रतिबद्ध व्यक्ति के पक्ष में ही मतदान करना चाहिए, तभी सच्चे अर्थों में वास्तविक लोकतंत्र की रक्षा संभव हो सकती है। मौके पर उप प्राचार्य बसन्त ठाकुर, शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, चंदन कुमार, कृष्ण कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, सरिता दुबे, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# छहआना टोला छठ पूजा समिति ने की घाट की साफ-सफाई



साफ-सफाई करते लोग।

**मेराल।** छहआना टोला छठ पूजा समिति के सदस्यों ने छठ महापर्व को लेकर छहआना टोला स्थित बड़े तालाब छठ घाट की साफ-सफाई की। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने छठ घाट की साफ सफाई कर टेंट लगाकर छठ व्रतियों को बैठने की व्यवस्था की। सथ ही आने-जाने के लिए रास्ता को सुव्यवस्थित किया। इस दौरान चैक-चैराहों पर हाइलोजन लाइट लगाया गया, ताकि छठ व्रतियों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अभय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, रितेश रंजन, विश्वजीत रंजन, शैलेन्द्र कुमार, सचिव मुन्ना राम, अरुण कुमार, आशुतोष शर्मा, अनुप सिंह, राजन सिंह, रजनीश कुमार, अभिषेक रंजन, शैलेश, बसंत, ओमप्रकाश राम, राहुल ठाकुर, चिरंजीवी, अभिषेक जायसवाल, दीपक कुमार, कौशल यादव, मनीष कुमार, बिट्टू सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### 450 में गैस...

**मोदी बहुत झूठ बोलते हैं : खड़गे :** वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी बहुत झूठ बोलते हैं। सिर्फ वादे करते हैं उसे पूरा नहीं करते। लोकसभा चुनाव में यदि भाजपा को अपने बल पर पूर्ण बहुमत मिल जाता तो जरूर संविधान बदल देते। मोदी ओबीसी व आदिवासियों को आरक्षण देने की बात करते हैं, लेकिन देते नहीं हैं। झारखंड में ओबीसी समाज को अब तक 27 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया गया। जबकि हेमंत सरकार ने प्रस्ताव भेजा था। भाजपा व एनडीए की कोई अपनी सोच नहीं है। वह कांग्रेस की योजनाओं का नकल करती है।

### एनडीए प्रत्याशियों को...

उनके घर से नोटों की गड्डियां मिली थीं। ये पैसा झारखंड के गरीबों का था। उन्होंने कहा कि देश में जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां पर विकास का एक नया मॉडल दिया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद से जनता ने कांग्रेस को देश चलाने का मौका दिया। लेकिन, आज तक गरीबों के लिये इमानदारी से एक भी योजना नहीं बनायी। पीएम नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया है। इसी नारे के साथ किसान, युवा और महिलाओं समेत हर वर्ग का विकास करने का काम किया है।

### भाजपा के विचार...

हमने सुना कि उन्होंने मेरे बारे में कहा कि हम अपने वादे पूरे नहीं कर रहे। हमने कर्नाटक में झूठी गारंटी दी। मैं मोदी जी को चुनौती देता हूं कि बेंगलुरू आकर मुझसे खुली बहस कर लें। हम हिसाब देंगे कि हमने कर्नाटक की जनता को जो पांच गारंटियां दी थी, उन्हें पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकारें जो कहती हैं, वह करके दिखाती हैं। दूसरी तरफ भाजपा वाले जो कहते हैं, वह करते नहीं और जो कुछ करते हैं तो गलत करते हैं। खड़गे ने कहा कि मोदी जी और अमित शाह सिर्फ झूठ बोलते हैं।

### 60 लाख कैश...

प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किये गये, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने और इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता और सांठगांठ थी। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताये जा रहे हैं। छापेमारी उन संदिग्धों के परिसरों में की जा रही है, जिनकी भूमिका आगे की जांच के दौरान सामने आई है। जांच जारी है।

### आप सत्ता बदलें...

ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। इनके मंत्रियों और सांसद के पास करोड़ो रुपये पकड़े जाते है। आदिवासियों को सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा सरकार ने दिया है।

बढ़ रहा घुसपैठ, घट रहे आदिवासी : उन्होने कहा कि झामुमो सरकार के राज में लगातार घुसपैठिये बढ़ रहे है। आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है। सत्ता में आते ही एनडीए सरकार चुन-चुन कर बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड से खदेड़ेगी। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार के राज में झारखंड राज्य लगातार डूबता चला गया। राज्य में 13 मुख्यमंत्री रहे, जिनमें से कई जेल भी गये। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है, लेकिन भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है।

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार दे रही 'बिहार खेल सम्मान'

**एजेंसी**




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर राज्य सरकार खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के बिहार के खिलाड़ियों और उनके कोच को सम्मानित करने के लिए प्रत्येक वर्ष बिहार राज्य खेल सम्मान समारोह का आयोजन करती है। इस समारोह में खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि दी जाती है। इसके अलावा खेल के विकास में अहम योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाता है।

जमुई के जैवलिन थ्रो सिखाने वाले आशुतोष खेल सम्मान से सम्मानित होने वाले इकलौते प्रशिक्षक हैं। प्रशिक्षक आशुतोष बीते कई वर्षों से राज्य खेल प्राधिकरण के सानिध्य में भाला फेंक प्रतियोगिता के होनहार एथलीटों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इन्होंने खुद भी राष्ट्रीय स्तर पर कई बार दूर भाला फेंक प्रतियोगिता में बिहार के लिए स्वर्ण पदक हासिल की है। जैवलिन थ्रो में राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के लिए गोल्ड जीतने के लिए वीरेंद्र यादव को और थ्रेट लोन में स्वर्ण पदक जीतने के लिए आशीष कुमार को सम्मानित किया गया है। ओलंपिक में मेडल लाने के बाद श्रीजेश को बुलाकर सम्मानित करने वाला पहला राज्य बिहार ही है। इनके बिहार आने से यहां के खिलाडियों का हौसला काफी बढ़ा है। श्रीजेश भारतीय हॉकी के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर ही नहीं एक दीवार के रूप में जाने जाते हैं। बिहार खेल सम्मान समारोह में 33 खेलों के 615 खिलाड़ियों, 21 प्रशिक्षकों, 4 खेल संघों और 4 खेल अधिकारियों सहित कुल 644 लोगों को सम्मानित किया जा चुका है। इनके बीच लगभग 7.5 करोड़ रुपये की सम्मान राशि वितरित की गई है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में इस समारोह में 11 प्रशिक्षकों समेत कुल 411 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था। अबतक 1272 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के बीच 15.5 करोड़ रुपये सम्मान राशि का वितरण किया गया है। बिहार में खेल और खिलाड़ियों को ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें राज्य सरकार की ओर से बिहार राज्य खेल सम्मान से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाता है। एक तरफ जहां मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना के तहत खिलाड़ियों को नौकरी दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों को सम्मान राशि देकर उनके बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा रहा है।

### सीएम नीतीश ने निमार्णाधीन अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का किया निरीक्षण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेहरू पथ स्थित निमार्णाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब की जयंती 11 नवम्बर के पूर्व इस पार्क का निर्माण पूर्ण करें। पार्क के शिलापट्ट पर भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के देश की आजादी में योगदान, उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व के बारे में अंकित करायें ताकि लोगों को जानकारी मिल सके। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नेहरू पार्क का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।


# हर निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकती सरकार

## स्पीड न्यूज

### मप्र : नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण

भोपाल । मध्य प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और फैसला लिया है। अब राज्य की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा अब तक यह आरक्षण की सीमा 33 प्रतिशत थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सिविल सेवा की भर्ती के लिए महिलाओं का आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया है।

### परिणीति ने शुरू की नई फिल्म की तैयारी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी नई फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। परिणीति ने अपने परिवार के साथ दिवाली मनाने के बाद काम शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी है। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी है कि वह अपनी आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी कर रही हैं। परिणीति ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, नई फिल्म, नए बाल... तैयारी शुरू।परिणीति अंतिम बार अमर सिंह चमकीला में नजर आयी थी। इस फिल्म में परिणीति ने दिलजीत दोसांझ के साथ काम किया था।

### सलमान खान की हत्या की फिर धमकी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को मंगलवार को जान से मारने की एक और धमकी मिली है जिसमें उन्हें माफी मांगने या जिंदा रहने के लिए पांच करोड़ रुपये देने को कहा गया है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर एक महीने में यह चौथा धमकी भरा संदेश है। मुंबई पुलिस ने कहा कि उन्हें मंगलवार को सुबह करीब 12.30 बजे मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर एक संदेश मिला, जिसके बाद वर्ली पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया। उन्होंने कहा कि संदेश भेजने वाले ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताया। उसने अभिनेता को जिंदा रहने के लिए दो विकल्प दिये- या तो मंदिर में माफी मांगें अथवा पांच करोड़ रुपये दें अन्यथा उनके गिरोह के सदस्य उन्हें मार देंगे।

### पाकिस्तान में सात आतंकी मारे गये

इस्लामाबाद । पाकिस्तानी सेना द्वारा देश भर में चलाए गए अलग-अलग ऑपरेशंस में सात आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान की सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि एक घटना उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली जिले में हुई, जहां खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए ऑपरेशन में एक आतंकवादी मारा गया।

### इजरायल ने सीरिया में किया हवाई हमला

दमिश्क। इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए सीरिया की राजधानी दमिश्क के निकटवर्ती क्षेत्रों को निशाना बनाया है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने सोमवार शाम को दमिश्क के दक्षिण में कई नागरिक स्थलों को निशाना बनाते हुए सीरियाई गोलान की दिशा से हवाई हमला किया, जिसके कारण भौतिक क्षति हुई। इजरायली सेना ने कहा हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली एक साइट पर हमला किया, हिजबुल्लाह की खुफिया क्षमताओं को कमजोर करना है।

## एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था पूर्व का फैसला : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को अधिग्रहित नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत से यह फैसला सुनाया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया है कि समुदाय के पास सामान के रूप में मौजूद उन संसाधनों पर सरकार दावा कर सकती है, जो सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से हो। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुद और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति जे बी पादीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के लिए बहुमत का फैसला लिखा। पीठ के अन्य सदस्यों न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने मुख्य न्यायाधीश के बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमति जताई। संविधान पीठ ने बहुमत से माना कि न्यायमूर्ति वी कृष्ण अय्यर का पिछला फैसला एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। उस फैसले में कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को सरकार द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने अपने फैसले के अंश को पढ़ते हुए कहा कि यह मानना गलत है कि सभी निजी संपत्तियां सामुदायिक संसाधनों की होंगी। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति अय्यर का पिछला फैसला विशेष आर्थिक विचारधारा पर आधारित था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीति निर्धारित करना नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार के लिए वोट दिया है, जिसने विभिन्न आर्थिक नीतियां अपनाई हैं। यदि लोगों के पास मौजूद सभी संसाधनों को समुदाय का उपयोग का संसाधन माना जाता है, तो यह संविधान के मूल सिद्धांत को कमजोर करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि व्यक्ति के स्वामित्व वाले हर संसाधन को समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता। शीर्ष अदालत ने पिछले फैसलों से असहमति जताई,



जो समाजवादी थीम पर आधारित थे और जिसमें कहा गया था कि समतावादी समाज विकसित करने के लिए सरकार अपनी नीतियों को समुदाय के भौतिक संसाधनों, जिसमें निजी स्वामित्व वाली संपत्तियां भी शामिल हैं, को आम लोगों की भलाई के लिए पुनर्वितरित करने के लिए निर्देशित कर सकती है। नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत से कहा कि वह न्यायमूर्ति अय्यर के इस दर्शन से सहमत नहीं हो सकती कि निजी व्यक्तियों की संपत्ति सहित हर संपत्ति को सामुदायिक संसाधन कहा जा सकता है। संविधान पीठ के समक्ष सवाल यह था कि क्या संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत निजी स्वामित्व वाली संपत्ति ह्यसमुदाय के भौतिक संसाधनों के दायरे में आती है। अनुच्छेद 39(बी) राज्य को यह प्रयास करने का निर्देश देता है कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस तरह वितरित किया जाए कि आम लोगों की भलाई के लिए सर्वोत्तम हो।ह्व यह मामला महाराष्ट्र के कानून से उत्पन्न हुआ है, जो राज्य उपक्रम (म्हाडा महाराष्ट्र आवास और विकास प्राधिकरण) को म्हाडा अधिनियम 1976 के अध्याय आठ-ए के तहत कुछ निजी संपत्तियों का अधिग्रहण करने की अनुमति देता है। निजी संपत्तियों का अधिग्रहण उक्त संपत्ति/भवन के बेहतर संरक्षण या पुनर्निर्माण/मरम्मत आदि के लिए हो सकता है। संपत्ति मालिक संघ के नेतृत्व में याचिकाकताओं ने दलील दी थी कि किसी समुदाय के भौतिक संसाधनों में निजी संसाधन शामिल नहीं हैं और अनुच्छेद 39(बी) केवल सार्वजनिक संसाधनों या राष्ट्रीय संसाधनों की बात करता है, क्योंकि केवल इन संसाधनों को राज्य द्वारा सबसे बड़े सामान्य हित को पूरा करने के लिए पुनर्वितरित किया जा सकता है।

### 1960 व 70 के दशक में हुआ था बदलाव

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव हुआ था, लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया गया। संविधान पीठ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से अलग है, बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि पिछले 30 वर्षों में गतिशील आर्थिक नीति अपनाने से भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।

## हैरिस की जीत के लिए पैतृक गांव में विशेष पूजा

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव

**थुलसेंद्रपुरम में कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का मंदिर**

**एजेंसी**

**चेन्नई** । अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पैतृक गांव तमिलनाडु के तिरुवनंतपुरम जिले के थुलसेंद्रपुरम में श्री धर्मस्थ मंदिर में विशेष पूजा हुआ, ताकि उनको राष्ट्रपति चुनाव में जीत मिले। थुलसेंद्रपुरम में श्री धर्मसस्थ मंदिर कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का पैतृक मंदिर है। कमला हैरिस के दादा पी. सी. गोपालन ने परिवार के पैतृक मंदिर के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई थी और परिवार अपने पारिवारिक देवता को समर्पित पूजा में भाग लेने के लिए नियमित रूप से आता है। मंदिर के बोर्ड पर दिखाया गया है कि कमला ने मंदिर को 5,000 रुपए का दान दिया, जो उनकी मौसी सरला गोपालन ने उनकी ओर से किया। थुलसेंद्रपुरम के एक ग्रामीण कुमारेसन ने बताया कि पूरा गांव कमला के लिए प्रार्थना कर रहा है, जिनकी जड़ें यहीं हैं। उनके पैतृक श्री धर्मसस्थ मंदिर समेत कई मंदिरों में उनके लिए कई पूजाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसी महिला हैं जो वैश्विक मामलों को प्रभावित करने वाले पद के लिए लड़ रही हैं और हमें उनकी विरासत का हिस्सा होने पर गर्व है।



## प्रतिनिधि सभा के लिए नौ भारतीय लड़ रहे हैं चुनाव

**▶▶ पांच पुनः निर्वाचित होने की दौड़ में , तीन पहली बार राजनीति में कर रहे प्रवेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रतिनिधि सभा के लिए नौ भारतीय अमेरिकी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें से पांच पुनः निर्वाचित होने की दौड़ में हैं, जबकि अन्य तीन पहली बार कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं। वर्जीनिया और ईस्ट कोस्ट से चुनाव लड़ रहे सुहास सुब्रमण्यन (38) अगर निर्वाचित होते हैं तो वह यह उपलब्धि हासिल कर पहले भारतीय अमेरिकी बनकर इतिहास रच सकते हैं। पेशे से चिकित्सक, डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे वरिष्ठ भारतीय अमेरिकी सांसद हैं। अगर डेमोक्रेटिक पार्टी को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त होता है, तो 59 वर्षीय बेरा को वरिष्ठ पद मिलना तय है। वाशिंगटन स्टेट के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली 59 वर्षीय सांसद प्रमिला जयपाल 2017 से डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर एक शक्तिशाली नेता के रूप में उभरी हैं। उनका फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। साथ ही तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों का भी यही मानना है। ये भारतीय अमेरिकी हैं -2017 से इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे राजा कृष्णमूर्ति, 2017 से कैलिफोर्निया के सत्रहवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे रो खन्ना और 2023 से मिशिगन के तेरहवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे 69 वर्षीय श्री थानेदार।






## शेयर बाजार में लौटी रौनक

**▶▶ सेंसेक्स 694 और निफ्टी 217 अंक चढ़ा**



**मुंबई** । भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को अमेरिकी चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में एफएमसीजी और मीडिया को छोड़कर सभी सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सुबह के कारोबार में बाजार सीमित दायरे में खुला था। दोपहर डेढ़ बजे के बाद बाजार में तेजी शुरू हुई। बीएसई का सेंसेक्स 694.39 अंक या 0.88 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। वहीं, दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी 217.95 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,213.30 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 992 अंक या 1.94 प्रतिशत चढ़ने के बाद 52,207.25 पर आ गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 330.90 अंक या 0.59 प्रतिशत चढ़ने के बाद 56,115.45 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78.80 अंक या 0.43 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,503.45 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, मेटल और रियलिटी सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स पैक में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स टॉप गेनर्स रहे। वहीं, आईटीसी, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एलएंडटी और सन फार्मा टॉप लूजर्स रहे। बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,476 शेयर्स हरे, 1,473 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे।







